रोहतक
रविवार, 31 दिसंबर, 2023
पौष मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 27, अंक : 339
पृष्ठ 16 मूल्य 3+3=6

मौसम
अधि. 14.6
न्यून. 7.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

9-10













**सूचना**

आज के अंक के साथ नव वर्ष 2024 का पंचांग कैलेंडर दिया जा रहा है। पाठक इसे अपने हॉकर से लेना न भूलें। पंचांग का मूल्य 3.00 रुपये (समाचार पत्र मूल्य के अतिरिक्त) रखा गया है।

## रामनगरी से पीएम मोदी ने की लोगों से अपील

# 22 जनवरी को अयोध्या न आएं, 550 साल इंतजार किया, कुछ दिन और करें

**मोदी बोले, 22 जनवरी ऐतिहासिक क्षण होगा, इस दिन घरों में राम ज्योति जलाएं**

**अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का किया उद्घाटन**

**दो अमृत भारत और छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी**

भाषा ▶▶| अयोध्या (उप्र)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हमारे जीवन में आया है। मैं भारत के 140 करोड़ देशवासियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना कर रहा हूं...। जब 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम विराजमान हों, तब श्रीराम ज्योति जलाएं। दीपावली मनाएं। उन्होंने कहा कि 'मेरी सभी देशवासियों से करबद्ध प्रार्थना है कि 22 जनवरी को अयोध्या आने का मन न बनाएं। हर किसी की इच्छा है कि 22 जनवरी का साक्षी बनने के लिए वे (लोग) स्वयं अयोध्या आएं, लेकिन आप भी जानते हैं कि हर किसी का आना संभव नहीं है।' इसलिए देश भर के राम भक्तों को, विशेषकर उत्तर प्रदेश के राम भक्तों से हाथ जोड़कर प्रणाम के साथ प्रार्थना है, आग्रह है कि 22 जनवरी को विधि पूर्वक कार्यक्रम हो जाने के बाद 23 जनवरी के बाद अपनी सुविधा के अनुसार अयोध्या आएं। अयोध्या आने का मन 22 जनवरी को न बनाएं।' सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मोदी ने कहा, 'प्रभु राम जी को तकलीफ हो, ऐसा हम भक्त कर नहीं सकते। प्रभु श्री राम जी पधार रहे हैं तो हम भी कुछ दिन इंतजार करें। 550 साल इंतजार किया है तो कुछ दिन और इंतजार करें। मोदी ने कहा कि विकास व विरासत की साझा ताकत 21वीं सदी में भारत को सबसे आगे ले जाएगी।

एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम

■

रेलवे स्टेशन का नाम अयोध्या धाम



### 15,700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन

पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की केन्द्र व राज्य सरकार की 46 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस बीच शंखनाद की ध्वनि और 'राम राम-जय जय राजाराम' भजन से वातावरण गूंज उठा। इसके पहले मोदी ने अयोध्या पहुंचने पर हवाई अड्डे से रेलवे स्टेशन तक एक रोड शो किया और पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन अयोध्या धाम का उद्घाटन किया और दो अमृत भारत और छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

### एयरपोर्ट जनसमर्पित

मोदी ने अयोध्या में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम रखा गया है। महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की थी। महर्षि वाल्मीकि के बहुत सारे अनुयायी हैं, जिनमें विशेष रूप से दलित समुदाय के लोग शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'भारत की मिट्टी के कण-कण और भारत के जन-जन का मैं पुजारी हूं और मैं भी आपकी तरह उतना ही उत्सुक हूं।

**14 से 22 तक स्वच्छता अभियान चलाएं:** मोदी ने लोगों से 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने की अपील करते हुए कहा कि मकर संक्रांति के दिन से स्वच्छता का एक बड़ा अभियान चलाया जाना चाहिए। मोदी ने भीड़ से सियावर राम चंद्र का नारा लगवाने के साथ 30 दिसंबर की तारीख को ऐतिहासिक तारीख करार देते हुए कहा कि इसी तारीख 1943 में नेताजी (सुभाष चंद्र बोस) ने अंडमान में झंडा फहराकर आजादी का जयघोष किया था।

### अंबाला कैंट पहुंची 2 नई वंदे भारत ट्रेन, भव्य स्वागत



अंबाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या के नए रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने के साथ-साथ 2 अमृत भारत और 6 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें से 2 वंदे भारत ट्रेन हरियाणा-पंजाब को मिली हैं। शनिवार को पहली ट्रेन 12:17 पर अमृतसर से रवाना हुई। इसके बाद यह ट्रेन 4:05 पर अंबाला पहुंची। यहां ट्रेन सिर्फ 3 मिनट ही रुकी। 4:08 पर ट्रेन दिल्ली के लिए रवाना हो गई। इस दौरान उसका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गृहमंत्री अनिल विज और राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं, श्री वैष्णो देवी कटरा से चली दूसरी ट्रेन वंदे भारत अंबाला कैंट स्टेशन पर शाम 7 बजे पहुंची। यहां फूलों से वर्षा कर ट्रेन का स्वागत किया।

# करनाल की बेटी और उसके परिवार की अमेरिका में मौत

*पति-पत्नी और 18 साल की बेटी के शव मिले, 25 साल पहले हुई थी टीना की शादी*



41 करोड़ के बंगले में रहते थे, 83 करोड़ रुपये कर्ज था

■

पुलिस ने आपसी हिंसा का मामला बताया

**करनाल/मैसाचुसेट्स।** प्रदेश के प्रसिद्ध वकीलों में से एक करनाल के तेजेंद्र पाल सिंह बेदी के दामाद, बेटी और नातिन अमेरिका में संदिग्ध हालातों में घर में ही मृत पाए गए। हत्या है या फिर आत्महत्या इस पहलू पर अमेरिकन पुलिस जांच कर रही है। बेदी ने 25 साल पहले बेटी टीना की शादी करनाल में धूमधाम से की थी। शादी के बाद टीना अपने पति के साथ अमेरिका चली गई, क्योंकि लड़के का अमेरिका में बिजनेस था। बेदी का दामाद राकेश कमल मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला था, लेकिन वर्ष 1960 से उनकी पूरी फैमिली अमेरिका में है। वहीं, पर राकेश का जन्म हुआ था।

### मैसाचुसेट्स में रहते थे

ये तीनों अमेरिका के मैसाचुसेट्स में रहते थे। परिवार के 3 सदस्यों की उनके घर में लाश मिली है। मृतकों की पहचान राकेश कमल उनकी पत्नी टीना और 18 साल की बेटी एरियाना के रूप में हुई है। कमल परिवार पर करीब 83 करोड़ रुपये का कर्ज बताया जा रहा है। उनके बंगले की कीमत 41 करोड़ रुपये बताई जा रही है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने इसे आपसी हिंसा का मामला बताया है और मामले की जांच चल रही है।

### दिवालिया घोषित होने का दिया था आवेदन

बताया जा रहा है राकेश और टीना ने हाल ही में दिवालिया घोषित किए जाने का आवेदन दिया था। उन पर 83 करोड़ रुपये तक का कर्ज था। उनका बंगला भी नीलाम होने वाला था। रिपोर्ट के मुताबिक, राकेश मैसाचुसेट्स के सबसे पॉश इलाके में रहते थे। राकेश के शव के पास पुलिस को गन भी मिली है।

### 2021 में बंद हुई टीना की कंपनी

टीना के पति राकेश कंपनी के सीईओ थे। उनकी बेटी एरियाना ने भी सबसे महंगे स्कूल मिल्टन एकेडमी से पढ़ाई की थी। उसने वरमॉन्ट के मिडिलबरी कॉलेज में न्यूरोसाइंस की पढ़ाई के लिए एडमिशन लिया था। मैसाचुसेट्स पुलिस ने बताया कि आमतौर पर डोवर का यह इलाका सुरक्षित माना जाता है। यहां हिंसा के मामले बेहद कम हैं। डोवर में हत्या से जुड़ा आखिरी मामला 2020 में सामने आया था। तब एक डॉक्टर ने पत्नी कैथलीन की हत्या करके उसके शव को तालाब में फेंक दिया था।



*पीएमओ के बाहर कर्तव्य पथ पर जमीन पर रखे पदक*

# विनेश ने खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** विश्व चैम्पियनशिप में कई बार की पदक विजेता विनेश फोगाट ने शनिवार को अपने खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा दिए। विनेश ने दिल्ली पुलिस द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय जाने से रोके जाने के बाद दोनों पुरस्कार कर्तव्य पथ के बीच में छोड़ दिए। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान विनेश ने मंगलवार को अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार सरकार को लौटाने का फैसला किया था और कहा था कि ऐसे समय में इस तरह के सम्मान बेमतलब हो गए हैं जब पहलवान न्याय पाने के लिए जूझ रहे हैं। विनेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अपने फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने शनिवार को पुरस्कार लौटाने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने रोक दिया। विरोध स्वरूप विनेश ने कर्तव्य पथ पर पुरस्कार छोड़ दिए और बाद में दिल्ली पुलिस ने इन्हें उठा लिया।

### हम विज्ञापन के लिए नहीं

विनेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए अपने पत्र में कहा था कि उनका जीवन सरकार के विज्ञापनों जैसा नहीं है जो महिला सशक्तिकरण और उत्थान के बारे में बात करते हैं। खेल मंत्रालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आईओए नेबुधवार को डब्ल्यूएफआई का कामकाज चलाने के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया।

## ब्रिटिश सिख डॉ. अमृतपाल सिंह 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन में 30 साल से अधिक समय से चिकित्सा के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. अमृतपाल सिंह हंगिन को महाराजा चार्ल्स तृतीय ने 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित करने का फैसला किया है। न्यूकैसल विश्वविद्यालय में जनरल प्रैक्टिस के प्रोफेसर डॉ. अमृतपाल सिंह हंगिन को उनकी चिकित्सा सेवा के लिए 2024 नव वर्ष सम्मान सूची में शामिल किया गया है। इस सूची में भारतीय मूल के करीब 30 स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, परोपकारी और सामुदायिक कार्यकर्ता हैं, जिन्हें समाज में निस्वार्थ सेवा करने के लिए सम्मानित किया गया है। यह सूची शुक्रवार रात को जारी की गई।

## विद्रोही गुट के हमले के बाद मिजोरम में घुस गए म्यांमार के 151 सैनिक

**आइजोल (एजेंसी)।** म्यांमार में सेना और विद्रोही गुटों के संघर्ष के बीच 151 म्यांमार सैनिक मिजोरम में घुस आए हैं। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा-भारतीय सीमा से लगे म्यांमार सैन्य बेस पर विद्रोही गुट अराकान आर्मी (एए) ने कब्जा कर लिया। इसके बाद म्यांमार सेना के जवान अपने हथियारों के साथ लॉन्गटलाई जिले के तुईसेंटलांग में असम राइफल्स के पास पहुंच गए। पिछले कुछ दिनों से सीमा के करीब इलाकों में म्यांमार सेना और अराकान सेना के लड़ाकों के बीच भारी गोलीबारी हो रही थी। एक दशक में अराकान आर्मी म्यांमार में सबसे शक्तिशाली जातीय सशस्त्र समूह बनी है।

**मौसम** 9 डिग्री तक लुढ़का अधिकतम पारा, धुंध में गिर रही पानी की बूंदें

*कई जिलों में दृश्यता 10 से 25 मीटर तक रही*

*मौसम विभाग का दावा, अभी राहत नहीं मिलेगी*

# सर्दी का सितम, प्रदेश के पंद्रह जिलों में कोहरे से हाल बेहाल

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में सर्दी का सितम लगातार जारी है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। धुंध और कोहरे में पानी की बूंदें गिर रही हैं। कोहरे से 15 जिले हाल बेहाल हैं। इन जिलों में दृश्यता 10 से 25 मीटर के बीच रही। यातायात भी ठप होकर रह गया है। वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ, मौसम विभाग का कहना है कि भीषण ठंड से अभी राहत मिलने वाली नहीं है। मौसम विभाग ने कोहरे को लेकर फिर अलर्ट जारी किया है। विभाग ने रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, जींद, भिवानी, चरखी दादरी में रेड, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार में ऑरेंज और महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल और फरीदाबाद में अलर्ट जारी हुआ है।

आज कई जिलों में बूंदाबांदी की संभावना

■

फसलों के लिए रामबाण साबित हो रहा मौसम



### आज बूंदाबांदी के आसार

मौसम विभाग का कहना है कि 31 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसका असर हरियाणा में भी दिखाई देगा, यहां बादल छाने के आसार हैं। कई स्थानों पर बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे सूबे के अधिकांश जिलों में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा, जो नए साल तक जारी रहेगा। 24 घंटे के तापमान की बात करें तो रेवाड़ी का न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है, वहीं 9.2 डिग्री की गिरावट के साथ भिवानी का अधिकतम तापमान 11.5 डिग्री दर्ज हुआ है।

### फसलों के लिए अनुकूल

कृषि व मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही बदलते मौसम से सर्दी बढ़ी हो, लेकिन यह मौसम फसलों के लिए अनुकूल है। अभी तक कहीं से पाला गिरने की कोई सूचना नहीं है। ऐसे में धुंध व ओस कण फसलों के लिए रामबाण साबित हो रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

### 62 करोड़ रुपये की 187 परियोजनाओं को मंजूरी

**चंडीगढ़।** सरकार ने ग्रामीण संवर्धन जल आपूर्ति कार्यक्रम के तहत 8 जिलों अंबाला, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला, पानीपत, भिवानी, फरीदाबाद और जींद में सीवरेज, स्वच्छता और महाग्राम योजना के लिए 62.21 करोड़ रुपये से अधिक की 187 नई परियोजनाएं लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार यहां जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की योजनाओं को मंजूरी दी।

# हरियाणा बॉक्सिंग संघ की वार्षिक बैठक हुई, कई फैसलों पर सर्वसम्मति से मुहर

- बैठक में वार्षिक टूर्नामेंट पर की चर्चा। कई जिलों के अध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों में राज्य स्तरीय टूर्नामेंट करवाने की जिम्मेदारी ली
- जिलों में टूर्नामेंट के लिए जल्द शेड्यूल जारी किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की वार्षिक बैठक शनिवार को सनसिटी बैंक्वेट हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने की। उनके साथ महासचिव रविंद्र पन्नू और कोषाध्यक्ष कैप्टन परवीर भी मौजूद रहे। बैठक में अलग-अलग जिलों से आए संघ के जिलाध्यक्षों और सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान कई फैसले सर्वसम्मति से लिए गए। सभी ने फैसलों पर मुहर लगाई और वार्षिक टूर्नामेंट पर चर्चा की।



रोहतक। हरियाणा बॉक्सिंग संघ की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते मेजर सत्यपाल सिंधु।

## बॉक्सिंग संघ की विभिन्न कमेटियों का गठन सर्वसम्मति से किया गया

बैठक में कई जिलों के अध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों में राज्य स्तरीय टूर्नामेंट करवाने की जिम्मेदारी ली। किस जिले में कौन सा टूर्नामेंट होगा इसके बारे में जल्द ही शेड्यूल जारी किया जाएगा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बैठक के दौरान हरियाणा बॉक्सिंग संघ के विभिन्न कमेटी व कमिशन का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसके अलावा पहली बार हरियाणा बॉक्सिंग संघ के ऑफिसियल प्रवक्ता ओमबीर हुड्डा और कैप्टन परवीर नियुक्त किए गए। इस पर सभी ने सहमति जताई।

# बुजुर्गों को 22 के बाद करवाएंगे अयोध्या में राम लला के दर्शन

## मुख्यमंत्री ने अपनी विशेष चर्चा में किया ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की राजनीति में शनिवार को उस वक्त एक नया अध्याय जोड़ दिया जब उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की तर्ज पर लोगों से विशेष चर्चा की गोल्डन जुबली बना डाली। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों के लिए किए जा रहे कल्याण के कार्यों की फीडबैक लेने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक साल पहले शनिवार को विशेष चर्चा का कार्यक्रम शुरू किया था , उसका शनिवार को 50वां एपिसोड था। जैसे एक किसान गर्मी -सर्दी की परवाह किए बिना अपनी फ़सल की हिफ़ाजत करता है ठीक उसी प्रकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी हर हाल में ( चाहे चंडीगढ़ हों या दिल्ली, या फिर किसी ग्रामीण या शहरी दौरे पर हों ) हर शनिवार को अपनी विशेष चर्चा के माध्यम से प्रदेशवासियों का हाल -चाल जाना। सीएम ने वर्ष 2024 की पूर्व संध्या पर आज प्रदेशवासियों को नववर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए घोषणा की कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर का उद्घाटन होने के बाद हरियाणा के बुजुर्गों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या में राम लला के दर्शन करवाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी 25 जनवरी के बाद नए कलेवर और नए फ्लेवर में जनसंवाद कार्यक्रम को फिर से शुरू किया जाएगा।



**मुख्यमंत्री की विशेष चर्चा की गोल्डन जुबली**

- मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की दी अग्रिम बधाई
- हम वातानुकूलित कमरों में बैठकर योजनाएं नहीं बनाते : मनोहर लाल
- 25 जनवरी के बाद नए कलेवर और नए फ्लेवर में फिर शुरू होगा जनसंवाद कार्यक्रम

### चर्चा में गांव और मोहल्ले से जुड़े लोग

विशेष चर्चा की गोल्डन जुबली पर मुख्यमंत्री से प्रदेश के लगभग हर गांव व मोहल्ले से लोग जुड़े हुए थे। उन्होंने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं व सेवाओं के लाभार्थियों के साथ मोबाइल फोन के माध्यम से साप्ताहिक विशेष चर्चा का आज एक साल पूरा हो रहा है। विशेष चर्चा का आज यह 50वां संस्करण है।

### सीधे ले रहे फीडबैक

इस एक साल के दौरान मुझे विभिन्न वर्गों से सीधे बात करने का अवसर मिला है, जिससे आपकी समस्याओं ,शिकायतों व सुझावों का सीधे ही पता चला है। साथ ही मुझे विभिन्न वर्गों के कल्याण व उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं और सेवाओं के कार्यान्वयन के बारे में सीधे ही फीडबैक भी मिला है। इस दृष्टि से यह कार्यक्रम मेरे लिए बहुत उपयोगी रहा है। इसके माध्यम से फीडबैक प्राप्त करके मैने कई योजनाओं का कार्यान्वयन सही ढंग से करवाने के लिए सिस्टम में सुधार किया।

### सीएम आज वन टाइम सेटलमेंट योजना का शुभारंभ करेंगे

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार 31 दिसंबर को गुरुग्राम से आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा (एसजीएसटी) की एक मुश्त व्यवस्थापन (वन टाइम सेटलमेंट) योजना का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम रविवार को प्रातः 10 बजे से सेक्टर 44 स्थित अपैरल हाउस, गुरुग्राम में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रधान सचिव देवेंद्र सिंह कल्याण व आबकारी एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को अपैरल हाउस का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया।

### जन संवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को लेकर गंभीर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जन संवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और सुझावों को लेकर पांच विभागों की शुक्रवार देर सायं अपने निवास संत कबीर कुटीर में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने जन संवाद के दौरान प्रदेशभर में हुए कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की जन संवाद पोर्टल पर आई सभी शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया।

## सरकार से समाज का हर वर्ग त्रस्त : हुड्डा

**चंडीगढ़ ।** शनिवार को कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। 50 से ज्यादा सरपंच, पूर्व सरपंचों व अलग-अलग पार्टी, संगठन और संस्थाओं से जुड़े नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा है। सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की अध्यक्षता में कांग्रेस ज्वाइन की। हुड्डा ने सभी का पार्टी में स्वागत किया और जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता का रुझान और समर्थन कांग्रेस की तरफ है और प्रदेश के लोग कांग्रेस को ही अब विकल्प के तौर पर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में आज प्रदेश का हर वर्ग त्रस्त है। चाहे खिलाड़ी, कर्मचारी, किसान, मजदूर, डॉक्टर, बेरोजगार युवा, दलित, गरीब, पिछड़ा, सरपंचों सहित सभी वर्ग इस सरकार से परेशान हो चुके हैं। प्रदेश में नशा, बेरोजगारी, महंगाई और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।



## जनता को मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं : सैनी



**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपनी तैयारी और तेज कर दी है। शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम स्थित प्रदेश कार्यालय गुरु कमल में प्रदेश पदाधिकारियों की एक के बाद एक तीन अहम बैठकें ली। तीनों बैठकों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ वंचित लोगों तक जल्दी से जल्दी पहुंचाने पर चर्चा हुई। विकसित भारत संकल्प यात्रा को ज्यादा से ज्यादा सफल बनाने और हरेक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर भी मंथन हुआ।

## लाखों लोगों को नहीं मिल रहा राशन : ढांडा



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने शनिवार को प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों को राशन नहीं मिलने को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां पहले से ही प्रदेश में गरीबों को राशन नहीं मिल रहा। वहीं, हरियाणा के राशन डिपो संचालकों ने भी अब अपनी मांगों को लेकर हड़ताल का ऐलान कर दिया है। पहली जनवरी से प्रदेश के सभी राशन डिपो संचालक बेमियादी हड़ताल पर रहेंगे।

## प्रदेश में तेजी से बढ़ रहा भ्रष्टाचार : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनावी वर्ष में मुख्यमंत्री मनोहर लाल दिखा रहे है कि उन्होंने प्रदेश में बहुत काम किया है जबकि प्रदेश में कही पर कोई काम दिखाई नहीं दे रहा है, सीएम अपनी ही घोषणाओं पर अमल तक नहीं करवा पा रहे है, कोई भी काम समय पर नहीं हो रहा, इन हालातों में प्रदेश में केवल और केवल भ्रष्टाचार ही बढ़ रहा है।

**BHAGAT PHOOL SINGH MAHILA VISHWAVIDYALAYA**
Khanpur Kalan (Sonepat), Haryana-131305
Office No.: 01263-283007, 283530, Fax No. : 01263-283779, www.bpswomenuniversity.ac.in
**DEPARTMENT OF ENGINEERING CELL**
**INVITED TENDER NOTICE**

| Sr. No. | Name of Department/ Board/Corp./Auth. | Name of Work/Notice/Tender | Starting Date Closing Date | Amount (In Lacs) | EMD/Bid Security (In Lacs/ thousand) | Website | Nodal Officer/ Contact Details/Email |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | BPSMV, Khanpur Kalan | Tender for special repair of B.Sc. Lab, IHL Building, Academic Staff Hostel, Research Scholar Hostel, Boundary Wall, Hostel No. 1, 2, 3, 5, 6, 12, 13,14, Shopping Complex, Water Supply, Sewerage System and other miscellaneous Works at BPSMV Khanpur Kalan. | 30.12.2023 22.01.2024 | 894.51 Lacs | 17,89,000/- 8,94,500/- | http://etenders.hry.nic.in | xenbpsmv@gmail.com |

Executive Engineer

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**

**वर्ष 2023-24 के लिए एससी तथा अन्यों हेतु मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति स्कीम के अंतर्गत विद्यालय शिक्षा हेतु अनुसूचित जाति तथा अन्य लाभवंचित समूहों के 26 लाख छात्रों के लिए छात्रवृत्तियों की घोषणा करता है।**

| पात्रता | कार्य क्षेत्र | हकदारी |
|---|---|---|
| **घटक- I** • एससी वर्ग से सम्बन्धित छात्र • माता-पिता / अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए | • मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 9 तथा कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र • लाभार्थियों का चयन राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र द्वारा किया जाएगा • सबसे गरीब परिवारों को प्राथमिकता | • प्रतिवर्ष 3500/- रुपए से 7000/- रुपए की अकादमिक भत्ता • दिव्यांग छात्रों (विशेष रूप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता |
| **घटक- II** • सफाई तथा स्वास्थ्य के लिए खतरनाक व्यवसायों में कार्यरत माता-पिता/ अभिभावकों के छात्र • कोई आय सीमा पात्रता नहीं है। | • मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 1 से कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र • लाभार्थियों का चयन राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र द्वारा किया जाएगा • सबसे गरीब परिवारों को प्राथमिकता | • प्रतिवर्ष 3500/- रुपए से 8000/- रुपए की अकादमिक भत्ता • दिव्यांग छात्रों (विशेष रूप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता |

- छात्रों को उनके सम्बन्धित राज्य छात्रवृत्ति पोर्टलों पर आवेदन करना होगा
- छात्र के पास वैध मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर (यूआईडी), आधार से जुड़ा बैंक खाता, आय प्रमाण-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

- स्कीम के दिशा-निर्देश तथा विस्तृत पात्रता मानदंड http://socialjustice.gov.in/schemes/23 पर उपलब्ध हैं।

cbc 38101/11/0056/2324

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**

**वर्ष 2023-24 के लिए एससी छात्रों हेतु मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति स्कीम के अन्तर्गत उच्चतर शिक्षा अध्ययन हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के 69 लाख छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने हेतु घोषणा करता है।**

| पात्रता | कार्य क्षेत्र | हकदारी |
|---|---|---|
| • माता-पिता / अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए • मान्यताप्राप्त महाविद्यालयों / विद्यालयों में पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने वाले छात्र | • कक्षा 11 के बाद वाले सभी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम • लाभार्थियों का चयन राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाएगा • सबसे गरीब परिवारों को प्राथमिकता | • अनिवार्य अप्रतिदेय शुल्क (ट्यूशन शुल्क सहित) • 2500/- रुपए से लेकर 13500/- रुपए अकादमिक भत्ता • दिव्यांग छात्रों (विशेष रूप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता |

- छात्रों को उनके सम्बन्धित राज्य छात्रवृत्ति पोर्टलों पर आवेदन करना होगा
- छात्र के पास वैध मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर (यूआईडी), आधार से जुड़ा बैंक खाता, आय प्रमाण-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

- स्कीम के दिशा-निर्देश तथा विस्तृत पात्रता मानदंड http://socialjustice.gov.in/schemes/23 पर उपलब्ध हैं।

cbc 38101/11/0057/2324

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
पी एम विश्वकर्मा
सम्मान · सामर्थ्य · समृद्धि

# मोदी सरकार की गारंटी, पारंपरिक हुनर को नई पहचान



*इस योजना से ना सिर्फ देशभर के कारीगरों और शिल्पकारों का कौशल निखरेगा, बल्कि हमारे इन परिवारजनों की बनाई चीजों को दुनियाभर में नई पहचान भी मिलेगी।*

– **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

# पी एम विश्वकर्मा

## योजना के लाभ

- पी एम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान-पत्र
- स्किल अपग्रेडेशन के लिए ट्रेनिंग और ₹ 500 प्रतिदिन स्टाइपेंड
- ₹ 15 हजार तक की टूलकिट
- विश्वकर्मा भाई-बहनों को ₹ 3 लाख तक बिना गारंटी ऋण
- डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहन
- उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफ़िकेशन, ब्रांडिंग और विज्ञापन जैसी मार्केटिंग सहायता

## 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरों-शिल्पकारों को मिलेगा लाभ




CBC 25101/13/0007/2324

विश्वकर्मा भाई-बहन स्कीम में आवेदन के लिए आज ही अपने नज़दीकी **जन सेवा केंद्र** जाएं

## खबर संक्षेप

### गाड़ी पार्किंग को लेकर हंगामा, चले लात-घूंसे

**फतेहाबाद।** पालिका बाजार में शनिवार दोपहर को गाड़ी पार्किंग को लेकर जमकर हंगामा हो गया। दो गुटों के लोगों ने एक दूसरे से जमकर मारपीट की। इसी दौरान एक गुट ने पार्षद निर्मल सिवाच को बुलाया तो वह भी लड़ाई में शामिल होते दिखे। लड़ाई के दौरान मौके पर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। सामने ही रेड लाइट पर तैनात रहने वाली पुलिस नदारद दिखी।

### इंस्टाग्राम पर असलहा के साथ फोटो अपलोड, केस

**जींद।** इंस्टाग्राम आईडी पर असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांस्टेबल लगवाने का झांसा दे हड़पे 3.65 लाख

**जींद।** सीआरपीफ में कांस्टेबल लगवाने का झांसा देकर तीन लाख 65 हजार रुपये हडपने का मामला सामने आया है। जब नौकरी ना लगने पर राशि वापस मांगी तो आरोपित ने राशि लौटाने से मना कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य बने विमल

**फरीदाबाद।** भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विमल खंडेलवाल को भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा गठित रेलवे बोर्ड की तरफ से ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य का बनाया गया। रेल मंत्रालय के रेल बोर्ड की तरफ से इनको पत्र प्राप्त हुआ है।

# फिर शर्मसार हुई ममता, नवजात बच्चे को पॉलिथीन में बंदकर सड़क किनारे फेंका

## बच्चे को सिविल अस्पताल के निक्कु बार्ड में किया गया भर्ती, शरीर पर मिले कुत्ते के काटने के निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की आईटीआई के नजदीक बीती रात पॉलिथीन में बंद नवजात बच्चा मिला। कुत्ते नवजात बच्चे को नोच रहे थे। लोगों ने जब बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो कुत्ते को भगाया। लोगों ने नवजात बच्चे को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां बच्चे को निक्कु वार्ड में रखा गया है। बच्चे के शरीर पर कुत्तों द्वारा नोचे जाने के निशान भी मिले। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया केस दर्ज

**अस्पताल में भर्ती करवाया**



यमुनानगर। सिविल अस्पताल के निक्कु वार्ड में रखा गया नवजात बच्चा। फोटोः हरिभूमि

**उपचार करते हुए चिकित्सक**



यमुनानगर। सिविल अस्पताल के निक्कु वार्ड में रखे गए नवजात बच्चे का उपचार करते हुए चिकित्सक।

### कड़ी मशक्कत के बाद कुत्ते से बच्चे को छुड़वाया

मार्डन कॉलोनी निवासी हरजिंद्र सिंह ने बताया कि उसकी आईटीआई के नजदीक कपड़े की दुकान है। रात करीब आठ बजे वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान एक कुत्ता पॉलिथीन को उठाकर उसके दुकान के आगे ले आया। उसमें से बच्चे के रोने की आवाज आ रही थी। उसने इस बारे अन्य दुकानदारों को बताया। वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कुत्ते को वहां से भगाया। उन्होंने पॉलिथीन को खोल कर देखा तो उसमें एक नवजात बच्चा था। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नवजात बच्चे को अस्पताल में भर्ती करवाया। बच्चे की हालत को देखते हुए उसे अस्पताल के निक्कु वार्ड में रखा गया है। बच्चे के शरीर पर कुत्ते के नोचने के निशान भी मिले हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि महिला ने बच्चे को जन्म देने के बाद लोकलाज के भय से उसे फेंक दिया होगा। पुलिस ने हरजिंद्र सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 317 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बच्चे की हालत स्थित, स्वास्थ्य पर रखी जा रही नजर

मुकुंद लाल जिला नागरिक अस्पताल की पीएमओ डॉक्टर दिव्या मंगला ने बताया बच्चे के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है। बच्चे को निक्कू वार्ड में रखा गया है। बच्चे के शरीर पर कुत्ते के काटने के निशान भी मिले हैं। फिलहाल बच्चे की हालत स्थित है।

# सोनीपत सीएचसी में घुसे तीन युवक, नर्सिंग ऑफिसर के जबरन अपहरण का प्रयास

## ऑफिसर ने शोर मचाया तो इकट्ठा हुए अन्य कर्मी, युवक बाइक पर भागे

■ तीन युवकों ने लेबर रूम को लात मारकर तोड़ दिया, महिला कर्मियों के साथ छेड़छाड़ भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना




गांव मुंडलाना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में घुसकर देर रात तीन युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने प्रसूति विभाग में तैनात नर्सिंग ऑफिसर व दो अन्य कर्मियों से अभद्रता करने के साथ ही नर्सिंग ऑफिसर को जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश की। नर्सिंग ऑफिसर के शोर मचाने पर अन्य कर्मी एकत्रित हो गए। जिस पर युवक अपनी बाइक पर सवार होकर भाग गए। नर्सिंग ऑफिसर के बयान पर सदर थाना गोहाना पुलिस ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, छेड़खानी, मारपीट, अपहरण का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुंडलाना सीएचसी में नियुक्त नर्सिंग ऑफिसर ने सदर थाना गोहाना पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात को वह और चतुर्थ श्रेणी कर्मी व स्वीपर ड्यूटी पर थी। गेट पर गार्ड नियुक्त था। उन्होंने बताया कि रात को एक बजे बाइक सवार तीन युवक सीएचसी में पहुंचे। उन्होंने आते ही मुख्य गेट को लात मारकर खोल दिया और सुरक्षा गार्ड के साथ गाली-गलौज करते हुए उनकी पिटाई करने लगे। इसके बाद तीनों अंदर आए और प्रसूति विभाग में आकर कमरे के दरवाजे को लात मारकर तोड़ दिया और उनके व दो अन्य महिला कर्मियों के साथ गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने तीनों महिला कर्मचारियों से छेड़खानी शुरू कर दी। नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि इसके बाद वह उन्हें जबरन उठाकर ले जाने लगे। आरोपियों ने उन्हें उठाया तो वह शोर मचाने लगी। जिस पर सीएचसी के अन्य कर्मचारी मौके पर आ गए। तीनों युवक कर्मचारियों को आता देखकर नसिंर्ग ऑफिसर को छोडकर भाग गए और जान से मारने की धमकी भी दी। युवकों ने खुद बताया कि वह गांव मुंडलाना निवासी जोगिंद्र उर्फ निक्का, आकाश व जितेंद्र हैं। उसके बाद युवक भाग निकले। जिस पर मामले से अधिकरियों को अवगत कराया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने मामले की शिकायत पुलिस को दिलवाई।

### हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घुसकर तीन युवकों ने स्टाफ के साथ मारपीट व अभद्रता की है। पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। -डॉ. राजेश, वरिष्ठ, चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुंडलाना

### बिना ओटीपी बताए खाते से एक लाख गायब

रेवाड़ी। बाग में एक महिला के खाते से लगभग एक लाख रुपये गायब हो गए। एमएचए पोर्टल पर शिकायत दर्ज। दर्ज शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पोर्टल पर दर्ज शिकात में ज्योति शर्मा ने बताया कि उसने बैंक खाते से संबंधित कोई जानकारी या ओटीपी किसी के साथ शेयर नहीं किए। इसके बावजूद 27 दिसंबर को उसके खाते से 99999 रुपये गायब हो गए। उसने साइबर फ्रॉड की आशंका शिकायत में दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

**THE HARYANA CO-OPERATIVE SUGAR MILLS LTD.**
BHALI ANANDPUR, ROHTAK
E-mail: rtk.sugar@gmail.com, website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01258-250641, 250800

**ई-निविदा सूचना**

हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लि., भाली आनन्दपुर, रोहतक हेतु मूल निर्माताओं /अधिकृत वितरकों एवम् पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं:-

**आईटम्स का विवरण:-**

1. पावर टरबाइन का आयल कूलर की खरीद।
2. पावर टरबाइन के लिए ऑयल सैन्ट्रीफ्यूज मशीन की खरीद।
3. पावर टरबाइन के लिए एक्यूएटर की खरीद।
4. ब्वायलर के लिए ट्यूब की खरीद।
5. क्वाड स्टेशन के लिए एस एस ट्यूब की खरीद।

निविदा दस्तावेज विवरण, मात्रा, विनिर्देशन तथा अन्य नियम व शर्तों के साथ पोर्टल etenders.hry.nic.in पर उपलब्ध है। सभी निविदाएं दिनांक 06.01.2024 को प्रातः 09:00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल etenders.hry.nic.in पर जमा की जाएंगी एवम् तकनीकी निविदाएं दिनांक 06.01.2024 को प्रातः 10:00 बजे ही खोली जाएंगी। निविदादाता अपनी दरें न्यूनतम आधार पर देवें।

उक्त बारे यदि आवश्यक हुआ तो नेगोसिएशन दिनांक 08.01.2024 को प्रातः 11:00 बजे मिल कार्यालय में की जाएगी। उपरोक्त सम्बन्धी और अधिक जानकारी के लिये निविदादाता मोबाइल नं. 7027481000 या 9540622500 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/- प्रबन्ध निदेशक

*लोगों की समस्याएं सुनने के बाद गृह मंत्री अनिल विज एक्शन में*

# झज्जर में हुई हत्या के मामले में कार्रवाई नहीं करने वाले आईओ बदला, जांच डीएसपी करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

झज्जर में हुई हत्या के एक मामले में कार्रवाई नहीं करने वाले आईओ (जांच अधिकारी) को बदलने के आदेश दिए गए हैं। अब इस मामले की जांच किसी दूसरे जिले के डीएसपी करेंगे। गृहमंत्री अनिल विज शनिवार को अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए यह बात कही। झज्जर से आए फरियादी ने रोते हुए गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि कुछ आरोपियों ने उनके घर में हमला बोलते हुए उसके ससुर की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया लेकिन कार्रवाई नहीं की। उनका आरोप था कि पुलिस ने कुछ आरोपियों को इस मामले में छोड़ दिया। कुरुक्षेत्र से आई महिला फरियादी ने बताया कि उसका पति घोड़ा-बुग्गी चलाता है। कुछ माह पूर्व वह रात्रि के समय एक विवाह में घोड़ा-बुग्गी लेकर गए। शादी में दूल्हे के रश्तिदारों ने फायर किया और गोली उसके बेटे को लग गई। पुलिस ने केस दर्ज किया लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है।



अंबाला। गृहमंत्री के आवास पर लगी फरियादियों की लाइनें।

### सरकारी नौकरी का झांसा देकर लगाया 13 लाख रुपये का चूना

**जींद।** हरियाणा के वरिष्ठ आईएएस का नजदीकी बता और सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 13 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। नौकरी न लगने पर जब राशि वापस मांगी गई तो उसे लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राज नगर निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी सिवाहा निवासी दीपक मंगला दूर की रिश्तेदारी रही है।

### टावर लगाने के नाम पर साढ़े पांच लाख रुपये का चूना लगाया

**जींद।** जमीन या छत पर टावर लगाने का झांसा दे पांच लाख 34 हजार 345 रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव भिखेवाला निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मिट्टी के बर्तन बेचने का कार्य करता है। उसका धनौरी नरवाना फाटक के पास प्लाट है। उसने अखबार में टावर लगाने का विज्ञापन देखा था।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक मंडल अभियंता/चंडीगढ़ के सेक्शन में ब्रिज की सुरक्षा हेतु ब्रिज अप्रोच की सुदृढ़ व मरम्मत करना, Ballast retainer, जलमार्ग व ब्रिज की सुरक्षा एवं LHS में जल निकासी को सुदृढ़ करना। | ₹50,54,280.0 | ₹1,01,100/- | 08 महीने | 24.01.2024 |
| 2. | अंबाला मंडल में TTR (TWS)-15 सेट (1:12-10 सेट & 1:8.5-5 सेट), TTR (TWS+CMSC)-1 सेट (1:8.5) & TTR(CMSC) -4 सेट (1:12-2 सेट & 1:8.5-2 सेट) से संबंधित कार्य। | ₹1,00,03,989 | ₹2,00,000/- | 06 महीने | 24.01.2024 |
| 3. | एक घिसे पिटे स्टील वाटर स्टोरेज टैंक नंबर 4 को 225000 लीटर क्षमता के 2 नंबर आरसीसी टैंक से बदलना और कालका कॉलोनी, जगाधरी वर्कशॉप में पुराने फेल ट्यूबवेल नंबर 4 के स्थान पर एक गहरा ट्यूबवेल। | ₹96,51,084 | ₹1,93,000/- | 06 महीने | 24.01.2024 |
| 4. | (1) एसएसई/डब्ल्यू/ई/बीटीआई के अनुभाग में रेलवे कॉलोनी बीटीआई में ब्लॉक नंबर 362/12 इकाइयों और ब्लॉक नंबर 363/12 इकाइयों में सीवरेज, जल निकासी, पानी की आपूर्ति, फर्श और प्लास्टरिंग, कमजोर लकड़ी और जंग लगे स्टील के दरवाजे और टपकती छतों की मरम्मत। (2) एसएसई/डब्ल्यू/एल/बीटीआई के अनुभाग में बीएनएन यात्री प्लेटफॉर्म के टॉयलेट ब्लॉक की मरम्मत, ट्रैक मशीन रेस्ट रूम और बीएनएन के प्रतीक्षालय के दरवाजा और पानी की आपूर्ति की सैनिटरी फिटिंग के संबंध में कार्य। (3) एसएसई/डब्ल्यू/एल/बीटीआई के अनुभाग में एसएसई/पी.वे./बीटीआई और बीएनएन कार्यालय में स्टोर भवन की मरम्मत। (4) एसएसई/डब्ल्यू/एल/बीटीआई अनुभाग में टीपीए पर गैंग हट नंबर 18, 19 और ब्लॉक नंबर टी–3, टी–2 में फर्श, प्लास्टरिंग, लैट बाथ छत स्लैब और पहुंच पथ की मरम्मत। (5) एडीईएन/बीटीआई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/बीटीआई के अनुभाग में पुल के वार्षिक निरीक्षण के अनुपालन को कवर करने के लिए पुल के पत्थरों, प्रमुख पुलों के बोर्ड, पुल पैरापेट की मरम्मत, पुल के जलमार्ग की सफाई के संबंध में कार्य। | ₹83,95,498 | ₹1,67,900/- | 06 महीने | 24.01.2024 |
| 5. | एडीईएन/एसआरई के तहत एसआरई–यूएमबी अनुभाग में टी–2 कॉलोनी में टूटे फूटे सब–स्टैंडर्ड स्टाफ क्वार्टर टाईप–II/11 इकाइयों का प्रतिस्थापन। | ₹1,82,16,272 | ₹2,41,100/- | 08 महीने | 24.01.2024 |
| 6. | बठिंडा–श्रीगंगानगर सेक्शन में कि.मी. 2/2–3 पर पुल संख्या 1 में मौजूद 1x11.89 मीटर गैर मानक गर्डर को नए गर्डर स्टील चैनल स्लीपर के साथ बदलने एवं उससे संबंधित अन्य कार्य करने से संबंधित कार्य। | ₹63,19,572 | ₹1,26,400/- | 04 महीने | 24.01.2024 |
| 7. | सहायक मंडल अभियंता/राजपुरा एवं सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद के सेक्शन में पुलों सहित स्टील संरचना की पुताई, पुलों के अप्रोच में ballast retainer का प्रावधान एवं पुलों की चिनाई के लिए मरम्मत, पुलों के cess अप्रोच पर toe wall का प्रावधान | ₹47,86,199 | ₹95,700/- | 03 महीने | 24.01.2024 |

नोटः 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे। 3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 46–अम्बाला/2023–24 दिनांकः 29.12.2023** 4091/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**जॉब**

☞ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पहलवान न्याय के लिए लड़ाई लड़ रहेः गीता फौगाट



■ राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता गीता पहुंची थी एक स्कूल के कार्यक्रम में

**सोनीपत।** गीता फोगाट ने कहा है कि रेसलर्स अन्याय के खिलाफ में लड़ाई लड़ रहे हैं। वह लड़ाई सच की लड़ाई है और सभी पहलवान अपनी जगह बिल्कुल सही हैं। उन्हें आज नहीं तो कल न्याय जरूर मिलेगा। फेडरेशन रद्द करने के कोई मकसद रहा होगा। नया प्रधान बनने के बाद क्लियर हो पाएगा। लंबे समय से स्टार पहलवानों की कुश्ती प्रभावित रही है। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता गीता फौगाट शनिवार को एक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान पहुंची थी। इस दौरान पत्रकारों के साथ बातचीत में गीता फौगाट ने पहलवान बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक से संबंधित सवाल पर बोलने से मना किया। लेकिन उन्होंने खुद को 2024 में फिर से मैट पर देखने की बात कही।

### नौकरी का झांसा दे हड़पे सवा दो लाख

**जींद।** नौकरी लगवाने तथा मोटे ब्याज का झांसा देकर दो लाख बीस हजार रुपये हडपने का मामला सामने आया है। नौकरी ना लगने पर जब दी गई राशि वापस मांगी तो बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर बाप व बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शर्मा नगर निवासी संतराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात गांव धनाना निवासी रितिक तथा उसके पिता हरि राम से शहर के होटल में हुई थी। जिसके बाद उनकी आपस में कई बार मुलाकात हुई।

## शब्द पहेली - 5380



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -5379 का हल



## सूडोकु नवताल - 5390

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5389 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप



### लगा नहीं था कि विश्व कप खेल सकूंगा

**नई दिल्ली।** सर्जरी के बाद एक समय तीन चार सप्ताह वह अपने पैरों पर भी खड़े नहीं हो पा रहे थे। ऐसे समय में भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल के लिए इस साल वनडे विश्व कप खेलने के बारे में सोचना भी मुश्किल था। उन्होंने टूर्नामेंट में 452 रन बनाकर शानदार वापसी की बल्कि कई मैचों में मेजबान के लिए संकटमोचक भी साबित हुए।

### कुश्ती गतिविधियां शुरू कराने का अनुरोध



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने शनिवार को खेल मंत्रालय से अनुरोध किया कि देश में कुश्ती गतिविधियां फिर शुरू कराई जायें क्योंकि पेरिस ओलंपिक में सात महीने ही रह गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ओलंपिक की तैयारियों को कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के प्रदर्शन के बाद से देश में पिछले कई महीने से कुश्ती ठप पड़ी है।

### तेज गेंदबाज कोएत्जी दूसरे टेस्ट से बाहर

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी के पेट के निचले हिस्से में दर्द के कारण केपटाउन में तीन जनवरी से भारत के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल सकेंगे। 23 वर्ष के इस गेंदबाज को पहले टेस्ट के दौरान दर्द उठा और बढता गया। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक्स पर लिखा, 'तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

# ओलंपिक, टी20 वर्ल्ड कप समेत बड़े स्पोर्ट्स में तिरंगा लहराएगा भारत

*एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली*

*साल 2023 खेल जगत में मिला जुला रहा। एक तरफ जहां क्रिकेट में भारत के हाथों निराशा हाथ लगी तो वहीं, एशियन गेम्स में भारतीय महिला और पुरुष ने गोल्ड जीतकर इतिहास रचा। यह साल स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के नाम रहा। दोहा डायमंड लीग में गोल्ड पर कब्जा किया। क्रिकेट में भारत ने पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियंशिप का फाइनल गंवाया, उसके बाद वनडे वर्ल्ड कप फाइनल जीते का सपना अधूरा रह गया, लेकिन साल में कई टूर्नामेंट भारत के लिए नई उम्मीद लेकर आएंगे। आइए जानते हैं किस-किस खेल में भारत साल 2024 को यादगार बना सकता है।*




### टी20 वर्ल्ड कप

*आगामी साल में वेस्टइंडीज और यूएसए की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। पिछले टी20 वर्ल्ड कप में भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों शिकस्त मिली थी। साल 2024 के टी20 वर्ल्ड कप में भारत से जीत की उम्मीद रहेगी। वहीं, बांग्लादेश की मेजबानी में महिला टी20 वर्ल्ड कप का भी आयोजन किया जाएगा।*

### पेरिस ओलंपिक

*भारतीय खिलाड़ियों के लिए साल 2024 बहुत ही खास होने वाला है। पेरिस में ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। भारत की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने टोक्यो ओलिंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। इसके अलावा अन्य खेलों के खिलाड़ियों ने भी पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल किया है।*

### 38वें राष्ट्रीय खेल

अगले साल में उत्तराखंड 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा। 37वें राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। अगले राष्ट्रीय खेलों में भी खिलाड़ियों से बेजोड़ प्रदर्शन की उम्मीद की जाएगी।

### यूफा यूरो 2024

इनके अलावा 14 जून से 14 जुलाई 2024 तक फुटबॉल का दूसरा सबसे बड़ा टूर्नामेंट यूफा यूरो 2024 का टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। यहां भारतीय फुटबॉल टीम से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वहीं, आईसीसी अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 साउथ अफ्रीका में आयोजित किया जाएगा।

**थिएम के मैच के दौरान आया सांपः ब्रिसबेन।** डोमिनिक थिएम शनिवार को ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मैच के दौरान आस्ट्रेलिया के सबसे जहरीले सांप के कोर्ट पर आने से खेल रूकने के बाद जीत दर्ज करने में सफल रहे। थिएम पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच के दौरान 20 साल के आस्ट्रेलियाई जेम्स मैककाबे से एक सेट से पिछड़ रहे थे तभी दर्शकों ने कोर्ट के करीब एक सांप को देखा।

## दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 0-1 से पीछे है टीम इंडिया

# नेट अभ्यास में रोहित का फोकस मुकेश पर, जडेजा ने की गेंदबाजी

**एजेंसी ▸▸ सेंचुरियन**

पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारतीय टीम के लिए सुपरस्पोर्ट पार्क पर शनिवार को अभ्यास सत्र वैकल्पिक था लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने जमकर पसीना बहाया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में रोहित को आउट किया था। यहां दो घंटे तक हुए अभ्यास सत्र में रोहित ने बतौर कप्तान और बल्लेबाज भाग लिया। रोहित का फोकस तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंदों का सामना करने पर था जिन्होंने 45 मिनट तक सिर्फ भारतीय कप्तान को गेंदबाजी की। फिट होकर लौटे रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने भी नेट में अभ्यास किया। थ्रोडाउन विशेषज्ञ दयानंद गरानी ने भी रोहित को आफ स्टम्प पर गेंद डाली। अभ्यास के दौरान रोहित ने मुकेश से कहा, 'हवा में अंदर आ रहा है पर कोशिश कर एंगल से अंदर लाने का।' बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने जब उनसे पूछा, 'तू इस नेट पे आएगा' तो उन्होंने कहा, 'नहीं यही पर और दस मिनट बल्लेबाजी करुंगा।'




### प्रसिद्ध नहीं हो रहे कृष्णा

रोहित ने मुकेश को अतिरिक्त समय दिया और कुछ टिप्स भी दिए। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुकेश पिछले तीन साल में दो बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची बंगाल टीम के इस प्रदर्शन के सूत्रधारों में रहे हैं। पहले टेस्ट में नाकाम रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को फिर मौका मिलता है तो यह हैरानी की बात होगी। प्रसिद्ध ने नेट पर किसी बल्लेबाज को गेंदबाजी नहीं की और वह सही लैंग्थ तलाशने के लिए मेहनत करते रहे। गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने अकेले उन पर 75 मिनट दिए।

### जडेजा पूरी तरह फिट

रविंद्र जडेजा ने काफी समय गेंदबाजी और बल्लेबाजी की और वह पूरी तरह फिट दिखे। उन्होंने अश्विन के साथ करीब 45 मिनट गेंदबाजी की। बल्लेबाजी के दौरान शार्दुल ठाकुर को बाएं कंधे में चोट लगी जब वह फील्डिंग कोच टी दिलीप के थ्रोडाउन का सामना कर रहे थे। अभ्यास के बाद वह आइस पैक लगाकर बैठे दिखे।

## ऋचा घोष की पारी बेकार तीन रन से हारा भारत

**मुंबई।** ऋचा घोष की करियर की सर्वश्रेष्ठ 96 रन की पारी और दीप्ति शर्मा का 38 रन देकर पांच विकेट का शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन भारत के काम नहीं आ सका जिससे आस्ट्रेलियाई महिला टीम ने शनिवार को यहां दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में तीन रन की जीत से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। जीत के लिए 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए घोष ने 113 गेंद में 13 चौके से 96 रन की पारी खेली लेकिन मेजबान टीम अंतिम ओवर में लड़खड़ा गयी और उसे घरेलू मैदान पर आस्ट्रेलिया से लगातार नौंवी हार झेलनी पड़ी। भारतीय टीम निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 255 रन ही बना सकी। दीप्ति 36 गेंद में एक चौके से 24 रन और दूसरे छोर पर श्रेयांका पाटिल पांच रन बनाकर नाबाद रहीं। घोष के अलावा भारत के लिए उप कप्तान स्मृति मंधाना ने शुरू में 38 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 34 रन का बनाये। जेमिमा रोड्रिग्स (55 गेंद में 44 रन) और घोष ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी निभाकर नींव रखी लेकिन आस्ट्रेलिया को भारत में कभी श्रृंखला नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखने से नहीं रोक सकीं। दोनों टीमों ने मिलाकर 10 से ज्यादा कैच छोड़े। लेकिन लिचफील्ड ने दो कैच लपककर अंतर पैदा किया जबकि शुरू में उन्होंने एक कैच छोड़ दिया था।

■ **आस्ट्रेलियाई महिला टीम ने श्रृंखला जीती**


रेल यात्रीः कृपया ध्यान दें!

**नई अमृत भारत और वन्दे भारत सेवाओं की शुरूआत**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार उत्तर रेलवे नेटवर्क पर निम्न नई अमृत भारत और वन्दे भारत ट्रेन सेवाएं प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है:–

**15557/15558 दरभंगा–आनन्द विहार (टर्मि.)–दरभंगा अमृत भारत रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 15557 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 15558 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:00 | दरभंगा | 11:50 | --- |
| 02:30 | 02:35 | अयोध्या धाम | 01:10 | 01:15 |
| 12:35 | --- | आनन्द विहार (टर्मि.) | --- | 15:10 |

**चलने के दिन : 15557 दरभंगा से** दिनांक 02.01.2024 (सोमवार, वीरवार) को और **15558 आनन्द विहार (टर्मि.) से** दिनांक 01.01.2024 (मंगलवार, शुक्रवार) को।
**ठहराव:** कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, अयोध्या धाम, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।
**स्थान :** शयनयान एवं सामान्य

**22478/22477 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा–नई दिल्ली श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा वन्दे भारत रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन बुधवार छोड़कर)**

| रेलगाड़ी सं. 22478 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22477 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:00 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:00 | --- |
| 14:00 | --- | नई दिल्ली | --- | 15:00 |

**चलने के दिन : 22478 श्री माता वैष्णों देवी कटडा से और 22477 नई दिल्ली से** दिनांक 04.01.2024 से (सप्ताह में छः दिन बुधवार छोड़कर)।
**ठहराव:** जम्मू तवी, लुधियाना एवं अंबाला जं. स्टेशन।
**स्थान :** वाता. एग्जीक्यूटिव कुसीयान एवं वाता. कुर्सीयान

**22488/22487 अमृतसर–दिल्ली जं.–अमृतसर वन्दे भारत रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन शुक्रवार छोड़कर)**

| रेलगाड़ी सं. 22488 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22487 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:20 | अमृतसर | 20:45 | --- |
| 13:50 | --- | दिल्ली जं. | --- | 15:15 |

**चलने के दिन : 22488 अमृतसर से और 22487 दिल्ली जं. से** दिनांक 06.01.2024 से (सप्ताह में छः दिन शुक्रवार छोड़कर)।
**ठहराव:** ब्यास, जलंधर कैंट, फगवाड़ा, लुधियाना एवं अंबाला जं. स्टेशन।
**स्थान :** वाता. एग्जीक्यूटिव कुसीयान एवं वाता. कुर्सीयान

**22426/22425 आनन्द विहार(टर्मि.)–अयोध्या कैंट–आनन्द विहार(टर्मि.) वन्दे भारत रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन बुधवार छोड़कर)**

| रेलगाड़ी सं. 22426 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22425 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:10 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:40 | --- |
| 14:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 15:20 |

**चलने के दिन : 22426 आनन्द विहार (टर्मि.) से और 22425 अयोध्या कैंट से** दिनांक 04.01.2024 से (सप्ताह में छः दिन बुधवार छोड़कर)।
**ठहराव:** कानपुर एवं लखनऊ स्टेशन।
**स्थान :** वाता. एग्जीक्यूटिव कुसीयान एवं वाता. कुर्सीयान

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

आज़ादी का अमृत महोत्सव | पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय | 4096/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई–बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
— नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री






**फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ**

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ**

दावों का भुगतान सीधे किसान के बैंक खाते में | आधुनिक तकनीक से उपज का बेहतर अनुमान

**7 वर्षों की मुख्य उपलब्धियां**

55 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त | 16.06 करोड़ से अधिक किसान आवेदनों को फसल मुआवजा का वितरण | ₹1.50 लाख करोड़ से अधिक का बीमा दावा भुगतान

**पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2023**

नई सुविधा — बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से अपने घर बैठे ऐड ऐप द्वारा करें फसल बीमा

फसल बीमा से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए कृषि रक्षक हेल्पलाइन नंबर 14447 पर कॉल करें

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार: AIC | Chola MS | Future Generali | HDFC ERGO | ICICI Lombard | Kshema | Oriental Insurance | Reliance General Insurance | SBI general | Universal Sompo General Insurance

अपनी फसलों को आज ही बीमित करने के लिए संपर्क करें | जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा | @PMFBY | QR कोड स्कैन करें



अपने जीवन को नया रूप, नया अर्थ हम ही दे सकते हैं। इसके लिए हमें अपने स्वास्थ्य, आर्थिक, मानसिक, आत्मिक, संबंध और तकनीक प्रबंधन की कला सीखनी होगी। इस कला के सूत्रों को अपनाकर हमारा जीवन निश्चित ही तनावमुक्त, उत्साह और ऊर्जा से भरपूर बन जाएगा। इसका शुभारंभ हम कल से शुरू हो रहे नववर्ष से ही कर सकते हैं।

# नए वर्ष में दें जीवन को नया अर्थ

आवरण कथा / कुमार राधारमण

यह जीवन सुख-दुख और हर्ष-विषाद की एक अनवरत यात्रा है। हमारी कामनाएं इस यात्रा को गति देती हैं और परेशानी का कारण भी बनती हैं। इस वर्ष आपने ना जाने कितनी योजनाएं बनाई होंगी। कुछ पूरे हुए होंगे और कुछ शेष होंगे। कल की बेहतरी की उम्मीद जिजीविषा को बनाए रखती है और जीवन को नए मायने देती है। वस्तुतः नएपन का बोध व्यक्ति को ऊर्जा से भर देता है और यही ऊर्जा मनुष्य के विकास का आधार है। कल से आरंभ हो रहे नववर्ष में हम स्व प्रबंधन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

## आर्थिक प्रबंधन

यह आर्थिक युग है। जीने के लिए धन की अनिवार्यता है और आर्थिक आत्मनिर्भरता हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। यदि आप व्यवसाय करते हैं, तो आप अपने परिवार से इतर लोगों के लिए भी सहारा बनते हैं और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में भी योगदान देते हैं। व्यवसाय कई पीढ़ियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकता है। व्यवसाय के लिए पूंजी चाहिए और लंबे समय तक छोटी बचत से भी बड़ी पूंजी खड़ी हो सकती है। बाजार के प्रभाव में आकर अनावश्यक खर्चे से बचें और आर्थिक रूप से जागरूक बनें। जिस निवेश में जोखिम हो, उसमें लाभ की संभावना भी छिपी होती है। नया वर्ष ऐसी किसी योजना को कार्यरूप देने का अवसर है। जमीन या मकान में ऐसा निवेश ना करें, जो कई वर्षों तक आपकी परेशानी का सबब बना रहे। वास्तविक जरूरत का सम्यक आकलन ऐसी परेशानी से बचा सकता है।

## स्वास्थ्य प्रबंधन

जो स्वस्थ है, वही जीवन का आनंद ले सकता है। किसी रोग से ग्रस्त होने से पहले भी शरीर कई तरह के संकेत देता है, लेकिन सामान्यतः हम उन्हें पकड़ नही पाते क्योंकि हम इसके प्रति इतने जागरूक नहीं होते। ऐसे में, बेहतर यही है कि प्रतिवर्ष बुनियादी मानदंडों पर अपने स्वास्थ्य को परखने के लिए अपनी जांच कराएं ताकि यदि कोई रोग भीतर पनप भी रहा हो, तो शुरुआती दौर में ही उसका पता चल जाए और आप आगे का जीवन सक्रियतापूर्वक बिता सकें। क्या बीत रहे वर्ष में आपने ऐसी कोई जांच कराई है? यदि हां, तो क्या आपकी दिनचर्या डॉक्टर के कहे मुताबिक ही चल रही है या आप अब भी तमाम लक्षणों का विश्लेषण अपने कयास के आधार पर कर रहे हैं? चिकित्सा विज्ञान ने जो प्रगति की है, उसका लाभ उठाना आपका अधिकार है, यह लाभ लेने में ही ना सिर्फ आपकी बल्कि आपके परिवार की भी सुरक्षा और भलाई है।



## संबंध प्रबंधन

यह दुनिया संबंधों की है। बहुधा देखा जाता है कि पद, कद, रुतबा बदलते ही हमारे व्यवहार में परिवर्तन आने लगता है। अपनी खुशहाली में हम जिनसे सम्मान और मान्यता की अपेक्षा रखते हैं, व्यवहार जगत में हम उन्हीं रक्तसंबंधियों से दूर होने लगते हैं। हममें से अधिकतर लोग अपने ही सगों से धोखा खाए, सताए हुए हैं। ऐसे में, कई बार पराए, अल्पपरिचित लोग अधिक प्रिय लगने लग जाते हैं। फिर भी, संबंध छूट नहीं जाते। मैं सही-तू गलत के चक्कर में यदि संबंधों की न्यूनतम मर्यादा के पालन से भी आप चूके हों, तो आने वाला वर्ष इसे सुधारने का अवसर है। नए संबंध भी बनाएं और रक्तसंबंधियों से भी जुड़े रहें। इससे आगे चलकर पहचान का संकट पैदा नहीं होगा।



## तकनीक प्रबंधन

सबसे कीमती है समय। सही समय पर लिया गया सही निर्णय एक लंबी छलांग दे सकता है। लेकिन हममें से बहुतों की दुनिया अब गैजेट्स तक सीमित रह गई है। वास्तव में, इन दिनों लोग सोशल मीडिया पर बहुत अधिक समय दे रहे हैं। परिवार छोटे हो रहे हैं और परिवार का हर सदस्य अपने मोबाइल में व्यस्त है। गौर कीजिए कि इस बीत रहे वर्ष में आपने प्रतिदिन सोशल मीडिया पर बिताए औसत समय की तुलना में क्या कुछ हासिल किया? सोशल मीडिया आपके लिए अपनी रचनात्मकता की अभिव्यक्ति या धनार्जन का विषय है या आप बस टाइमपास कर रहे हैं? गैजेट्स पर अपनी व्यस्तता की समीक्षा कीजिए और अधिक सार्थक काम को समय दीजिए। जीवन की जरूरतें बहुत अधिक नहीं हैं और ना ही महत्वाकांक्षा का कोई अंत है। इसलिए किसी भी तकनीक को उतना ही समय दें, जितने के बाद भी आप परिवार को पर्याप्त समय दे पा रहे हों।

## मानसिक प्रबंधन

संभव है, बीत रहा वर्ष आपके लिए किसी विषय या क्षेत्र में कड़वा अनुभव देने वाला रहा हो। यह अनुभव नए वर्ष में आपके काम आ सकता है, क्योंकि बकौल हरिवंश राय बच्चन-जो बीत गई, सो बात गई। किसी दुर्घटना के डर से हम सड़क पर निकलना तो नहीं छोड़ देते। जीवन में आगे बढ़ना ही होता है। अपनी जिजीविषा के बूते मनुष्य ने अनंत चुनौतियां पार की हैं। प्रकृति प्रतिपल नूतन है और जीवन का हर क्षण एक अप्रतिम अवसर है। महाप्राण निराला का महामंत्र है-'नवगति नवलय ताल-छंद नव, नवल कंठ नव जलद मंत्र रव।' जब तक आपमें प्राणऊर्जा है, आप अपनी परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर सकते हैं। अनंत अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। आइए, अपने जीवन को नया रूप, नया अर्थ देने के शुभ संकल्प के साथ नव वर्ष में प्रवेश करें। *



## आत्म प्रबंधन

**मनुष्य केवल** भूख, नींद और पैसा कमाने के लिए नहीं है। उसके पास एक विकसित मन और चेतना भी है। जीवन की इस आपा-धापी में, हमारे पास अपने लिए समय ना के बराबर रह गया है। आज ऐसा एकांत दुर्लभ होता जा रहा है, जिसमें हम कुछ समय सिर्फ अपने आपको दे सकें। स्वाध्याय, चिंतन-मनन, शांत करने वाले संगीत और ध्यान से हममें से अधिकतर लोग विमुख हैं। जीवन में जो कुछ भी आध्यात्मिक रूप से मूल्यवान है, तकनीक वो हमें नहीं दे रही है। सो निरंतर सक्रियता के साथ ठहरना भी जरूरी है। नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए आत्ममंथन भी हो कि क्या यह हमें बेहतर मनुष्य बना रही है? यह समय इस वर्ष की गलतियों से सबक लेकर नए वर्ष में नए संकल्प के साथ प्रवेश करने का है। क्या आपके खान-पान और जगत-व्यवहार में शुचिता है? क्या चेतना के तल पर आप ऊपर उठ पाए हैं? क्या आपके जीवन में आध्यात्मिकता है? इन प्रश्नों के जवाब अगर ना में हैं तो यही सही समय है कि आत्मचेतना के लिए भी सक्रिय हों।

---

लघुकथा / डॉ. मोनिका शर्मा

# आभासी चक्रव्यूह

नववर्ष के संकल्पों की सूची बनाते हुए उसने तकनीकी दुनिया से मिली सहूलियतों पर भी विचार किया। नए साल में अपनी दुनिया नई कर लेने के वादों को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के लिए बहुत से एप स्मार्ट फोन में डाउनलोड कर लिए। फोन की स्क्रीन पर पल-पल अवतरित हो वजन घटाने की युक्तियां बताने वाले एप से लेकर मन की सेहत सुधारने के तरीके सुझाने वाले एप तक। कोई एप दिन की शुरुआत में ही सितारों की चाल जान लेने के लिए चुना तो कोई जीवनशैली बदलने के गुर समझने के लिए। उसके उत्साहित युवा मन को ये एप्स झटपट कुछ कर जाने और उसका लेखा-जोखा रखने के माध्यम प्रतीत हुए।



साल का पहला सप्ताह स्क्रीन पर अवतरित होते सुझावों को समझते-गुनते ही बीत गया। स्क्रीन स्क्रॉल का वक्त घटने के बजाय और बढ़ गया। साथ ही कम हो गई लक्ष्य तक जाने, जो करने की ठानी है, उसे कर पाने की सक्रियता और प्रतिबद्धता। कोई संकल्प मुश्किल लगता तो मन उसका विकल्प भी किसी दूसरे एप में तलाशने की वर्चुअल दौड़-धूप शुरू कर देता। यह नहीं तो वह, वह नहीं तो यह। कुछ ना करते हुए सब कुछ कर जाने का आभासी चक्रव्यूह असल जीवन को घेरने लगा। गति पकड़ने के गुर बताने वाले माध्यमों से जीवन कुछ और ठिठक-सा गया।

बेटे के स्वयं से किए वादों का दावे भर बनकर रह जाना देख मां ने संयत स्वर में एक दिन कहा, 'सोचने या चाहने भर से कुछ नहीं होता बेटा, नियमित समय और ऊर्जा लगाना ही अपने लक्ष्य तक जाने का एकमात्र रास्ता है।' बेटे ने मां की ओर देखकर हामी भरी, 'हां मां, मैं समझ गया हूं। यह सब भ्रम-सा ही है। स्क्रीन के इस ओर बैठकर जानी-समझी गई बातों के मायने भी तभी हैं, जब वास्तविक दुनिया में हम स्वयं इन्हें लागू करने की ठानें।'

मां ने आशा भरी नजर से अपने बेटे को देखा और फिर बोलीं, 'अपने आपको या जिंदगी को बदलने की राह में असर तभी नजर आता है, जब सूचनाओं और जानकारियों को जुटाने के साथ-साथ मन-जीवन में भी सक्रियता लाई जाए। बदलाव का मार्ग किसी एप में नहीं स्वयं अपने आप में है बेटे।' बेटे ने बरसों से सधी-सजग और सक्रिय दिनचर्या का पालन कर रही मां की ओर मुस्कुराकर देखा और स्क्रीन स्क्रॉल कर रहे अंगूठे को विराम दिया। फोन एक तरफ रख मन ही मन कुछ ठानते हुए वह कागज-कलम ले गंभीरता से अपनी समय सारिणी बनाने लगा। *

---



गीत

अशोक 'अंजुम'

## नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!

तोड़ गया, अंदर तक हमको तोड़ गया,
गया वर्ष जो उलझन अनगिन छोड़ गया,
तुम देना निष्कर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
जो सच्चाई की राहों के साधक हैं,
मानवता के जो सच्चे आराधक हैं,
वे पाएं उत्कर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
निर्बल का बल बनकर जो भी रहते हैं,
जिनके मन में करुणा के नद बहते हैं,
उनको देना हर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
सबके पथ पर सुंदर फूल खिलाना तुम,
भटकों को अब मंजिल तक पहुंचाना तुम,
सुफलित हों संघर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!

---



## नए वर्ष के दोहे

अखिलेश श्रीवास्तव चमन

अखबारों में सुर्खियां, नया दिवस औ रैन।
मन ना माने बात यह, पढ़ते थक गए नैन।।
आते व जाते रहे, नए साल हर साल।
यक्ष प्रश्न अब भी वही, कपड़ा, रोटी, दाल।।
नया कहूं तो किसलिए, तुझको ऐ नववर्ष।
वही पुरानी बेवसी, चिथड़ा-चिथड़ा हर्ष।।
आंख धंसीं, चेहरे बुझे, जन-गण हैं बदहाल।
भूख, गरीबी, व्याधियां, दे गया गुजरा साल।।
गए साल में लिखना था, एक नया इतिहास।
क्या लिक्खें यह सोचते, बीते बारह मास।।
कितने फागुन, चैत गए, कितने अगहन, माघ।
नए मुखौटों में मिले, वही पुराने घाघ।।
द्वेष, डाह औ नफरतें, महंगाई की मार।
नया साल गर हो सके, कर इनका उपचार।।
हे विधना नववर्ष में, हो ऐसा संयोग।
मिटे देश की देह से, दहशतगर्दी रोग।।

---

लघुकथा / ललित शौर्य

# नया सूरज



रश्मि बड़े ध्यान से सूरज को देख रही थी। वह मन ही मन बुदबुदाई, 'सूरज तो कल जैसा ही है, तो फिर यह साल नया कैसे हो गया? मैं तो यह नहीं मानती कि कुछ भी नया है!'

तभी पीछे से आकर रश्मि की भाभी ने उसे चौंका दिया, 'सुबह-सुबह बहुत ध्यान से क्या देख रही हो रश्मि? क्या नया नजर आ रहा है आज?'

'नया ही तो कुछ नजर नहीं आ रहा है। कल से टीवी, अखबारों में सुन-पढ़ रही हूं, नए साल का नया सूरज! पर यहां नया और नयापन जैसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा। खैर! आपको नया साल मुबारक हो भाभी!' रश्मि ने उलझे स्वर में जवाब दिया। 'नयापन तो महसूस करना पड़ता है रश्मि। अगर हम इसे महसूस कर लें तो सब कुछ नएपन से भर जाएगा। हमारे भीतर उमंग की तरंग दौड़ने लगेगी। सूरज का नयापन हमें पहले से ज्यादा गर्माहट देगा। संबंधों का नयापन पहले से ज्यादा गहरा लगेगा। हमें अपने भीतर एक नई ऊर्जा महसूस होगी।' भाभी ने रश्मि को समझाने की कोशिश की।

यह सुनते ही रश्मि के शरीर में एक अजीब-सी सिहरन दौड़ गई। अभी तक जो सूरज उसे तेजहीन लग रहा था, अचानक उसकी आंखों के सामने दमकने लगा था। उसने भाभी को गले लगा लिया, बोली, 'भाभी, मुझे इस नए सूरज और नएपन का आभास कराने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद और नए साल की शुभकामनाएं।' *

---

आत्मप्रेरणा / बीके शिवानी, मोटिवेशनल स्पीकर



आध्यात्मिक संस्था ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़ीं राजयोग मेडिटेशन शिक्षिका एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी दुनिया भर के लाखों-करोड़ों लोगों के जीवन में सार्थक और सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रेरित करती रहती हैं। नववर्ष के अवसर पर शिवानी बता रही हैं बेहतर, शांतचित्त और खुशहाल जीवन जीने के सूत्र।

# नए संकल्प लें दृढ़ता से करें उन्हें पूर्ण

आध्यात्मिक प्रेरक वक्ता बीके शिवानी किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। 2007 में प्रसारित टीवी शो- 'अवेकनिंग विद ब्रह्मा कुमारीज' के माध्यम से उन्होंने जनमानस को मानसिक तनाव, अवसाद आदि मानसिक विकारों से मुक्त होकर अपने आत्म-सम्मान को ऊंचा रखने एवं आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की प्रेरणा दी। 2019 में तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित बीके शिवानी विश्व साइकिएट्रिक एसोसिएशन की गुडविल एम्बेसेडर होने के अलावा फॉग्सी (एफओजीएसआई) के अद्भुत मातृत्व कार्यक्रम से भी जुड़ी हैं। प्रस्तुत हैं उनके प्रेरक विचार, उन्हीं की जुबानी।

## नव वर्ष के मायने

नए वर्ष का मतलब होता है, पुराने को विदाई और नए को बधाई देना। पुरानी, कड़वी बातों, घटनाओं को भूल कर आगे बढ़ना। लेकिन क्या हम ऐसा कर पाते हैं? जवाब है-नहीं। अधिकतर लोग वर्षों तक इन कटु बातों को याद रखते हैं। मन पर बोझ लिए चलते रहते हैं और दुखी रहते हैं। जरूरी यह है कि हम पुराने साल को विदा करते समय ऐसी तमाम यादों, कमजोरियों को बिसारते जाएं। हरेक के प्रति शुभभावना रखें। लोगों को दुआएं दें, तो स्वयं को भी दुआ देना ना भूलें। नए, शक्तिशाली संकल्प लें और इन्हें दृढ़ता के साथ पूर्ण करें।



## स्व-परिवर्तन सिखाता है राजयोग ध्यान

राजयोग ध्यान द्वारा स्व-परिवर्तन की इस अद्भुत यात्रा को मुझे 25 वर्ष से अधिक हो गए हैं। गुजरते समय के साथ अपने भीतर छिपे अहंकार को आत्मिक स्वरूप के अभ्यास से परिवर्तित करने का प्रयास किया है। यह यात्रा अब भी जारी है, क्योंकि आंतरिक शक्ति का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। हमें किसी से कुछ मांगना नहीं, सिर्फ देना होता है। देने से आंतरिक शक्ति स्वयं ही बढ़ती जाती है। जो हम देते हैं, बदले में वही पाते हैं। यह सोच दुनिया की उस मान्यता से ठीक विपरीत है कि हम जो पाते हैं, वही सच है। इससे शांति, स्थिरता एवं स्वीकार्यता तीनों बढ़ती है। इच्छाएं खत्म होती जाती हैं और वर्तमान में रहने की आदत स्वाभाविक बन जाती है। हमारे ब्रह्मा कुमारीज में एक खूबसूरत कहावत है कि जब मैं बदलूंगी तो मेरी दुनिया भी बदलेगी। तमाम आध्यात्मिक सिद्धांत एवं पद्धति भी स्व में सुधार लाने पर ही जोर देते हैं। अर्थात् स्व का ध्यान रखें, स्व की जिम्मेदारी लें, स्व को सशक्त बनाएं, स्व को मान दें एवं स्व को प्रेम करें। ऐसा करने से हम आध्यात्मिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक पांचों रूपों में शक्तिशाली बनते जाते हैं। इसलिए किसी व्यक्ति या बाह्य परिस्थिति के बदलने की प्रतीक्षा किए बिना स्वयं पर ध्यान दें।

## ऐसे रखें खुद को शांत

अशांत वातावरण में खुद को शांत रखने से पहले हमें समझना होगा कि कोलाहल हमारे आस-पास नहीं, बल्कि हमारे अपने मन के अंदर होता है। अगर सुबह ही हम अपने मन की स्थिति को ठीक कर लेते हैं और पूरा दिन थोड़ा-थोड़ा उसका ध्यान रखते रहते हैं, तो कैसी भी परिस्थिति आने पर हम उसका स्थिर रहकर सामना कर पाते हैं। जैसे किसी फोन को सुबह चार्ज करने के बाद उसके सैकड़ों फीचर्स पूरे दिन कार्य करते रहते हैं। लेकिन बैट्री अगर चार्ज ना हो, तो फिर फोन रखने का कोई उद्देश्य नहीं रह जाता है। उसी प्रकार, हमारी आत्मा भी एक बैट्री की तरह ही है, जिसे हमें हर सुबह मेडिटेशन से चार्ज करना पड़ता है। इसके अलावा, जब हम कर्मयोगी के स्वरूप में स्थित होकर कोई कार्य करते हैं, तो उसकी दिशा सही होती है। कहने का तात्पर्य है कि हर कर्म करते हुए हमें अपने वाइब्रेशंस का ध्यान रखना होता है।

## कैसे मिलती है सच्ची खुशी

सच्ची खुशी तब मिलती है, जब हमारा मन हर परिस्थिति में स्थिर रहता है। यानी बाह्य संसार में कुछ भी घटित क्यों ना हो रहा हो, कोई व्यक्ति कुछ भी क्यों ना बोल रहा हो, आलोचना ही क्यों ना कर रहा हो, मन हलचल में नहीं आता है। विचलित नहीं होता है और हम खुश रहते हैं। इसी प्रकार, जब मन में सही विचार उत्पन्न होते हैं, तो हमें खुशी मिलती है। असल में खुशी हमारे भीतर ही छिपी है। वह प्रत्येक मनुष्य आत्मा का मूल एवं आंतरिक गुण है। विडंबना यह है कि आज मानव बाहरी दुनिया में खुशी तलाश रहा है। उसकी खुशी दूसरों पर निर्भर हो गई है। मनोनुकूल परिस्थिति ना होने पर वह दुखी, निराश हो जाता है। ऐसे में हम अगर अपनी स्व स्थिति पर ध्यान दें, तो खुश रहने से कोई रोक नहीं सकता है।

## बच्चों-युवाओं के लिए संदेश

आजकल बच्चे, किशोर और युवा कई तरह की मानसिक समस्याओं का सामना करते दिखते हैं। हमें समझना होगा कि उनकी मानसिक समस्याओं के कई कारण हैं। पहला, वे अपने घरों में बड़ों को गुस्सा, तनाव, बेचैनी, चिंता आदि में घिरा देखते हैं। वही वाइब्रेशन उन्हें खुद भी अनुभव होती हैं। इसके अतिरिक्त, बाहरी जगत का नकारात्मक वातावरण उनके मन-मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके अलावा, अभिभावकों एवं अन्य लोगों द्वारा बच्चों के अंदर निरंतर यह विचार डाला जाता है कि जैसी परिस्थिति होगी, वैसे ही उनका मन होगा। परिणाम यह होता है कि बच्चों और युवाओं की भावनाएं बाह्य कारकों पर निर्भर करने लगती हैं। किसी को क्रोध आता है, तो वे भी गुस्सा करने लगते हैं। कोई निराश होता है, तो उन्हें भी वही महसूस होता है। इस प्रकार की भावनात्मक निर्भरता से उनका भावनात्मक स्वास्थ्य कमजोर हो जाता है। हालांकि, बच्चे या युवा अपनी दिनचर्या में सुधार लाकर इन तमाम समस्याओं से निजात पा सकते हैं। उनके बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि वे रात को समय से (दस बजे तक) सोएं। सोने से कम से कम एक घंटे पहले गैजेट्स से दूरी बना लें। इसके बदले सकारात्मक चीजें पढ़कर या सुनकर सोएं। तब नींद भी अच्छी आएगी और सुबह जल्दी उठ सकेंगे। इससे वे ऊर्जावान महसूस करेंगे। साथ में उनकी रचनात्मकता, स्पष्टता, निर्णय लेने की क्षमता सब बढ़ जाएगी। याद रखें कि आप जो पढ़ते, सुनते, देखते और बोलते हैं, उससे ही विचार उत्पन्न होते हैं। इसके अलावा, टीवी या मोबाइल फोन देखकर खाना बंद करें। खाने से पहले मेडिटेशन के जरिए भोजन में सकारात्मक ऊर्जा भरें। हो सके तो घर का बना भोजन करें, जिसमें प्यार के वाइब्रेशन होते हैं और जो शुद्धता से बनाए जाते हैं। इन उपायों से उन्हें अवश्य लाभ होगा। *

बातचीत : अंशु सिंह


पेरिस



## दुनिया के इन 5 शहरों में होता है

# नए साल का शानदार जश्न

नए साल का स्वागत दुनिया भर में भव्य तरीके से किया जाता है। कई शहरों में तो इसके सामूहिक जश्न में हजारों की संख्या में लोग इकट्ठे होते हैं। लेकिन कुछ शहर अपने न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं। यहां बता रहे हैं, दुनिया के पांच शहरों के अनोखे न्यू ईयर सेलिब्रेशन के बारे में।

सेलिब्रेशन
नरेंद्र शर्मा

साल 2024 के स्वागत की तैयारियां पूरी दुनिया के अधिकांश देशों में हो चुकी हैं। नए साल का जश्न अलग-अलग अंदाज में मनाया जाता है, लेकिन दुनिया के 5 उत्सवधर्मी शहरों में यह धमाल देखते ही बनता है।

### न्यूयॉर्क, अमेरिका

न्यू ईयर सेलिब्रेशन शानदार तरीके से करने वाले शहरों में पहला नंबर अमेरिका के न्यूयॉर्क का आता है। अमेरिका के इस तेज रफ्तार और टेक सिटी कहे जाने वाले शहर में नए साल का उत्सव कुछ इस कदर मनाया जाता है, मानो इस उत्सव के सिवाय दुनिया में खुश होने की कोई दूसरा सेलिब्रेशन ही ना हो। न्यूयॉर्क शहर में मनाया जाने वाला नए साल का जश्न हॉलीवुड फिल्मों की तरह दुनिया में अपने ढंग का अकेला है। शहर के टाइम्स स्क्वायर पर देश-विदेश के हजारों लोग नए साल का स्वागत करने के लिए इकट्ठा होते हैं। सारी रात खाते-पीते और नाचते-गाते हैं। यहां हर साल इस भव्य समारोह में दुनिया के कई फेमस म्यूजीशियंस अपनी परफॉर्मेंस देते हैं।


टाइम्स स्क्वायर पर जश्न मनाते अमेरिकी

### रियो डी जेनेरियो, ब्राजील

नए साल का उत्सव मनाने के लिए दुनिया के जिस दूसरे शहर में बड़ी संख्या में दुनिया भर से आकर लोग इकट्ठा होते हैं, वह है- रियो डी जेनेरियो। ब्राजील के इस शहर में नए साल का उत्सव मनाने के लिए लोग विश्व प्रसिद्ध कोपाकबाना बीच पर व्हाइट ड्रेस पहनकर एकत्र होते हैं। यहां इस शहर की ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी नए साल का स्वागत करने वाली पार्टी होती है। आज ये दुनिया की सांस्कृतिक धरोहरों में भी शुमार है। कोपाकबाना बीच पर यह पार्टी 31 दिसंबर की रात 8 बजे शुरू होती है और सुबह 8 बजे तक चलती है। इस पार्टी में भी दुनिया के मशहूर डीजे और फेमस आर्टिस्ट शामिल होते हैं।


कोपाकबाना बीच पर आतिशबाजी देखते लोग

### पेरिस, फ्रांस

फैशन की वैश्विक राजधानी और ब्यूटी-ग्लैमर की पहचान वाला फ्रांस का शहर पेरिस भी नए साल की पूर्वसंध्या पर मनाए जाने वाले अपने जश्न के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है। एफिल टॉवर का यह शहर वाकई 31 दिसंबर की रात दुनिया की रोमांटिक राजधानी में तब्दील हो जाता है। इसके इस रोमांस को तब और चार चांद लग जाते हैं, जब एफिल टॉवर के मैदान में रंग-बिरंगी गगन चूमती रोशनी के शरारे आसमान में दुनिया के लिए उम्मीदों के नए स्लोगन रचते हुए रोशनी का रंगीन उजास बिखेरते हैं। वास्तव में यह सांस्कृतिक अनुभवों का एक साझा विश्व मंच भी है, इसलिए इस रात दुनिया भर से आए मशहूर संगीतकार एफिल टॉवर के प्रांगण में अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

### लंदन, यूके

दुनिया का तीसरा सबसे उत्सवधर्मी शहर लंदन (यूके) है। यहां 31 दिसंबर की रात जैसे ही 12 बजते हैं, ठीक उसी समय टेम्स नदी के तट पर मौजूद हजारों लोग बिग बेन चमचमाती आतिशबाजी का आनंद लेते हैं। यहां लोग इस आतिशबाजी के जश्न को देखने के लिए टिकट खरीदते हैं और आकाश चूमती आतिशबाजी को देखकर रोमांचित होते हैं। लंदन के कई कॉमेडी क्लबों में भी अपने ढंग से नए साल का जश्न मनाया जाता है। माना जाता है कि लंदन जश्नों की राजधानी है और यह सही ही माना जाता है, क्योंकि 31 दिसंबर की रात पूरा लंदन नए साल की अगवानी के लिए रंग-बिरंगी झांकियों, मार्चिंग बैंड और क्वीन के घोड़ों के जुलूस का आनंद लेता है।


लंदन में नए साल पर निकलती हैं झांकियां


सिडनी में न्यू ईयर ईव पर आतिशबाजी का नजारा

### सिडनी, ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया का सिडनी, नए साल की पूर्वसंध्या पर भव्य जश्न की प्रस्तुति रचने वाला दुनिया का एक और मशहूर शहर है। यहां की भव्य आतिशबाजी भी लोगों को सम्मोहित कर देती है। यहां होने वाली आतिशबाजी की आवाज 16 किलोमीटर दूर तक सुनाई पड़ती है और उसके रंग-बिरंगे रंग दिखाई पड़ते हैं। यहां रात 9 बजे से यह सिलसिला शुरू होता है और सुबह 4 बजे तक चलता रहता है। सिडनी में नए साल के जश्न के महत्वपूर्ण हिस्सों में एक वाटरफ्रंट का हिस्सा भी है, जहां देशभर के आए कलाबाज भाग लेते हैं और अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं। सिडनी के इस समारोह की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनियाभर में इस समारोह को टीवी पर देखने वाले लोगों की संख्या करोड़ों में होती है। *

प्लानिंग / शिखर चंद जैन

अगर आपका बीता साल आपकी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा और आप कुछ नया करना चाहते हैं, तो आपको अपनी लाइफ का एक नया ब्लू प्रिंट तैयार करना चाहिए। तभी आप इसे एक नया, प्रभावशाली और आकर्षक रूप दे सकेंगे।

# नए साल में बनाएं लाइफ का नया ब्लूप्रिंट



एक शिल्पकार बड़े मनोयोग से अपनी किसी कृति को अंतिम रूप दे रहा था। तभी उसके शिल्प से प्रभावित एक प्रशंसक उसके पास आया और पूछा, 'आप टेढ़े-मेढ़े और बेडौल पत्थरों से इतनी खूबसूरत चीजें कैसे बना लेते हैं?' शिल्पकार ने मुस्कुरा कर कहा, 'दोस्त, इन पत्थरों में खूबसूरती तो पहले से ही मौजूद होती है। मैं तो बस इनका अतिरिक्त अंश काट-छांट कर हटा देता हूं।' कहने का मतलब है कि किसी वस्तु या जीवन को सुंदर बनाना या अपना मनचाहा रूप देना हमारे ही हाथों में होता है। कल से शुरू हो रहे नए साल में भी आप नई शुरुआत कर सकते हैं। बेंजामिन फ्रैंकलिन के अनुसार, नए साल को खूबसूरत और सार्थक बनाना है तो अपने दोषों और कमियों को दुश्मन समझकर उनसे युद्ध लड़िए, अपने पड़ोसियों के साथ मधुर व्यवहार कीजिए और हर नए साल किसी अच्छे इंसान की तलाश कीजिए। इसके लिए यहां बताए जा रहे सूत्र कारगर हो सकते हैं।

**सोचें नहीं कर डालें:** जिंदगी में कुछ पाने के लिए सिर्फ सोचना काफी नहीं है। आपको अपनी सोच और प्लान को इंप्लीमेंट भी करना पड़ेगा। इसलिए दिन-रात सिर्फ सोचने में वक्त बर्बाद न करके कामों को उनके महत्व और प्राथमिकता के हिसाब से करते भी चलें। जब आप एक के बाद एक काम करते चलेंगे, तो जल्द ही उपलब्धियां सामने नजर आने लगेंगी।

**कठिन कामों पर पाएं विजय:** यूएस स्थित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर डेविक मिंडेल कहते हैं, 'आप अपनी जिंदगी के उस क्षेत्र को पहचानें, जो आपको बहुत कठिन लगता हो। फिर उस पर पूरी मेहनत और गंभीरता से काम करें। शुरुआती हिचकोलों के बाद जल्दी ही आपका काम आसान होने लगेगा। एक बार एक समस्या पर काम करें, फिर अगली समस्या को चुनें।



**चुनौतियों को मौका समझें:** जिंदगी में आसानी से कुछ भी नहीं मिलता। चुनौतियां तो पग-पग पर आपके सामने आएंगी। लेकिन इनसे घबराकर पीछा छुड़ाने की बजाय इन्हें खुद की काबिलियत साबित करने का मौका समझें। सरोद वादक अमान अली खां कहते हैं, 'चुनौतियों को स्वीकारें और अपनी ऊर्जा एकत्रित करके उन पर एक साथ पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ जुट जाएं। चुनौतियों से पीछा छुड़ाने के बहाने बनाएंगे, तो जिंदगी में बहुत पीछे रह जाएंगे।'

**पूरा प्लान बनाएं:** कॉरपोरेट गुरु अजीम जमाल कहते हैं कि अपने जीवन का एक निश्चित मकसद तय करें, फिर इसे हासिल करने की योजना बनाएं। बाधाएं तो आएंगी लेकिन इन्हें अनुशासन और लगन के बल पर पार करें। किसी काम को बीच में छोड़ने की आदत आपको कहीं का नहीं छोड़ेगी। सोच को पॉजिटिव रखें और निर्णय समय से लेने की आदत डालें।

**अपने प्रति विश्वसनीय बनें:** 'डिजाइन युअर लाइफ' के लेखक निक रिक्सन कहते हैं कि सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि आप खुद के प्रति विश्वसनीय रहें। जिंदगी की डिजाइनिंग असल में यह चुनना है कि चीजों को आप किस तरह देखना चाहते हैं और किस तरह हासिल करना चाहते हैं। इस दुनिया में जितनी चीजें बनाई गई हैं, उनके निर्माताओं का कांसेप्ट क्लियर था कि उनकी बनाई चीजें कैसे दिखेंगी और वे उन्हें कैसे बना सकेंगे? बस इसी तरह हमें अपनी जिंदगी का डिजाइन बनाते वक्त सब कुछ पहले से जानना होगा और इस मामले में बिल्कुल ईमानदार रहना होगा।

**बड़ा-स्पष्ट लक्ष्य बनाएं:** पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीज अब्दुल कलाम ने कहा था कि छोटे सपने देखना पाप है। इसलिए कोई बड़ा लक्ष्य बनाएं और उसे पूरा करने में जुट जाएं। यह लक्ष्य पर्सनल, प्रोफेशनल या एकेडमिक कैसा भी हो सकता है लेकिन आपका लक्ष्य व्यावहारिक होना चाहिए।

**हौसले रखें बुलंद:** लाइफ कोच और मेटा फिजिशियन वारेन स्टैग कहते हैं, 'आप अपनी जिंदगी में वाकई बदलाव चाहते हैं तो अपनी क्षमताओं के प्रति सशंकित ना रहें। आपका हौसला और आत्मविश्वास ऊंचा रहने पर ही आप आगे बढ़ सकेंगे। अगर आप पूरे समर्पण और हौसले के साथ ब्लू प्रिंट पर काम करेंगे, तभी यह साकार हो सकेगा। वरना एक फ्लॉप प्रोजेक्ट बन कर रह जाएगा। जिंदगी में हर दिन कुछ नया होता है, जिसे खुले दिल से स्वीकारें।

**बुरी आदतों से निजात पाएं:** काम टालने, आलस्य, नशा, नेगेटिव लोगों की संगत से दूर रहें। जिंदगी से अनावश्यक लोगों, चीजें और बोझ छांट दीजिए। जैसे बुके बनाने के लिए फूलों से अतिरिक्त पत्ते, टहनियां, काटते-छांटते हैं, तभी वह आकर्षक बन पाता है या जैसे उद्यान की साफ-सफाई ना हो तो जंगल बन जाएगा, ठीक उसी प्रकार जिंदगी से फालतू और बोझिल चीजों को ना हटाया जाए तो जिंदगी दुश्वारियों से भर जाएगी। *

ट्रेंड / शैलेंद्र सिंह

# दुनिया के पॉपुलर न्यू ईयर रेजॉल्यूशंस





तमाम शोध और सर्वे बताते हैं कि वर्षांत की शाम या नए वर्ष की सुबह जो भी रेजॉल्यूशन लिए जाते हैं, उनमें से 99.99 प्रतिशत कुछ ही दिनों तक निभाए जाते हैं। यह बात हम सब जानते हैं। फिर भी हर साल करोड़ों लोग नए साल को नए ढंग से शुरू करने के अनगिनत संकल्प करते हैं। बहरहाल, हर साल की तरह आज पुराना साल खत्म होने वाला और कल से नया साल शुरू होने वाला है, इसलिए मुंबई से लेकर मेलबॉर्न तक और नागपुर से न्यूयॉर्क तक संकल्पों के उत्साह की छटा छाई हुई है। पूरी दुनिया में इस साल लोग सबसे ज्यादा कौन-कौन से संकल्प ले रहे हैं, आइए इस पर एक नजर डालते हैं।

**ड्रिंकिंग छोड़कर रहूंगा:** हर साल पूरी दुनिया में जो पहले चार सबसे ज्यादा रेजॉल्यूशन किए जाते हैं, उनमें से एक यह है कि बहुत हो गया, इस साल मैं शराब की लत छोड़कर ही रहूंगा। हर साल की तरह इस साल भी यह पूरी दुनिया में लिए जाने वाले संकल्पों में सबसे प्रमुख संकल्प बना हुआ है। शराब के साथ ही सिगरेट और भारतीय संदर्भों में पान मसाला और गुटखे को भी जोड़ लीजिए।

**वजन कम करूंगा :** वजन कम करना हर साल पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा किया जाने वाला संकल्प है। पूरी दुनिया में जितने मोटे लोग हैं, उनमें से आधे से ज्यादा गुजर रहे साल की आखिरी शाम को आने वाले साल में वेट कम करने की कसमें खाते हैं। फिर रोमांचित होते हैं कि अब तो उनका वेट कम होकर ही रहेगा। लेकिन 50 फीसदी संकल्प तो 15 जनवरी पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देते हैं, बाकी 25 फीसदी महीने के आखिरी हफ्ते तक जाते हैं, लेकिन 15 फरवरी तक आते-आते करीब 97-98 फीसदी लोग इस संकल्प को तोड़ देते हैं।

**इस साल नो फास्ट फूड:** इस साल का यह तीसरा सबसे ज्यादा लिया गया संकल्प है 'अब फास्ट फूड को टाटा बाय-बाय'। इस डिजिटल इंफॉरमेशन के दौर में जो सूचनाएं सबसे ज्यादा पढ़ी, देखी और सुनी जाती हैं, उनमें स्वास्थ्य संबंधी सूचनाएं प्रमुख हैं। आज हर कोई इस बात को भली-भांति जानता है कि फास्ट फूड खाना अपने स्वास्थ्य का नुकसान करना है। लेकिन हर साल की तरह इस साल भी लोगों ने जमकर यह संकल्प लिया है कि साल 2024 में तला-भुना जंक फूड छोड़कर घर का बना स्वस्थ और ताजा फूड खाएंगे।

**परिवार को खूब समय दूंगा:** इस साल भी इसकी जगह पहले दस प्रमुख संकल्पों में बनी हुई है। पूरी दुनिया में महिलाओं को अपने पतियों से सबसे ज्यादा शिकायत परिवार को उनके द्वारा समय ना दे पाने की ही होती है। इसका इस कदर मनोवैज्ञानिक असर होता है कि चाहे अपनी मजबूरियों के चलते भी कोई दिन के ज्यादातर समय घर से बाहर रहता हो, इसके बाद भी हर कोई यही मानकर चलता है कि वह अपने परिवार को जरूरी समय नहीं दे पा रहा, इसलिए इस अपराधबोध में ज्यादातर पुरुष वर्षांत पर यह संकल्प लेते हैं।

**नई स्किल सीखूंगा:** यह भी एक और लोकप्रिय संकल्प है, जो इस मायने में बाकी संकल्पों से अलग है। इसे बाकी संकल्पों के मुकाबले कुछ व्यावहारिक सफलता भी मिलती है। क्योंकि बाकी संकल्प जहां दशमलव एक फीसदी भी पूरे नहीं होते, वहीं यह संकल्प जो खास तौर पर 25 से 40 साल की उम्र के युवा लेते हैं, जिनमें लगभग 4 से 5 फीसदी तक इसे पूरा करते हैं। इसे पूरा करने वालों में पुरुष करीब 80 फीसदी होते हैं, जबकि महिलाएं लगभग 20 फीसदी।

**आत्मविश्वास विकसित करूंगा:** विशेषकर युवा इस संकल्प को भी बहुत बड़े पैमाने पर लेते हैं। लेकिन यह संकल्प भी सबसे कम पूरा करने वाले संकल्पों में ही एक है। इस साल भी इस संकल्प की जगह पहले दस प्रमुख संकल्पों में है।

**नई-नई जगहें देखूंगा:** ट्रैवल करने का संकल्प भी हर साल बहुत बड़ी संख्या में लोगों द्वारा किया जाता है। क्योंकि हर किसी के मन में घूमने की एक इच्छा रहती है। भले लोग घूम ना पाएं लेकिन घूमने के लिए वे लक्ष्य हर नए साल पर बनाते हैं। यह शायद उन गिने-चुने संकल्पों में से एक है, जो सबसे कम पूरा होता है। बावजूद इसके यह संकल्प भी अकसर टॉप 10 रेजॉल्यूशंस में बना रहता है और इस साल भी है। *

बड़ा पर्दा / कैलाश सिंह




पिछले कुछ सालों से सीक्वल फिल्मों का ट्रेंड बढ़ा है। साल 2024 में भी बड़े बैनर और हिट फिल्मों की कई सीक्वल फिल्में नजर आएंगी। साथ ही कुछ बड़े स्टार्स की फिल्में भी रिलीज होंगी। साल 2024 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों पर एक नजर।

# साल 2024 रहेगा सीक्वल फिल्मों के नाम










कल से शुरू हो रहा साल 2024 सिने प्रेमियों के लिए बहुत दिलचस्प होने की उम्मीद है। जिन फिल्मों का लंबे वक्त से इंतजार था, वो संभवतः रिलीज हो जाएंगी। ऐसी फिल्मों में रितिक रोशन की 'फाइटर' से लेकर अजय देवगन की 'सिंघम अगेन' शामिल हैं। साथ ही साउथ की 'पुष्पा 2: द रूल पार्ट 2' को लेकर भी आकर्षण बढ़ा हुआ है। सिद्धार्थ आनंद की एरियल एक्शन फिल्म 'फाइटर' में रितिक रोशन के अलावा दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में आएगी और उसी से अंदाजा किया जा सकेगा कि 2023 में जिस तरह दर्शक थिएटरों में 'पठान', 'गदर 2', 'जवान', 'एनिमल', 'टाइगर 3' फिल्में देखने के लिए उमड़े थे, वैसे ही 2024 में भी दिलचस्पी बनाए रखेंगे या नहीं।

**'सिंघम अगेन' से टकराएगी 'पुष्पा 2':** रोहित शेट्टी की कॉप सीरीज 'सिंघम' बहुत सफल रही है। अजय देवगन इसके लीड एक्टर रहे हैं। अब इस कड़ी में 'सिंघम अगेन' 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी। इसमें दीपिका पादुकोण भी मुख्य भूमिका में हैं। साल की दो प्रमुख फिल्मों में दीपिका पादुकोण का होना और इससे पहले 'पठान', 'जवान' जैसी सफल (1,000 करोड़ी) फिल्मों का हिस्सा होना, बॉलीवुड में उनके बढ़ते कद को साबित करता है।

वर्ष 2021 की सफल फिल्मों में 'पुष्पा' शामिल थी, जिसके ब्लॉकबस्टर होने पर यह चर्चा आम हो गई थी कि दक्षिण की फिल्में बॉलीवुड पर हावी हो रही हैं। हालांकि इस मिथ को 2023 में शाहरुख खान ने अपनी असाधारण वापसी और कामयाबी से तोड़ दिया, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि दक्षिण भारत की फिल्मों में दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ी है, विशेषकर इसलिए भी कि टीवी चैनलों पर दिन-रात तमिल, तेलगु की हिंदी में डब की गई फिल्में चलती रहती हैं। यह फिल्म भी थिएटरों में 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी यानी इसका 'सिंघम अगेन' से मुकाबला रहेगा। 'पुष्पा 2: द रूल' में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**आएंगी ये भी सीक्वल फिल्में:** 'स्त्री' सीरीज की सीक्वल 'स्त्री 2' हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में एक बार फिर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। यह फिल्म साल 2024 में ही रिलीज होगी, लेकिन इस रिलीज डेट अभी तय नहीं है। निर्देशक अनीस बज्मी की 'भूल भुलैय्या-3' सीक्वल भी 2024 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगी, इसमें एक बार फिर कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में होंगे। वेलकम सीरिज की तीसरी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' 20 दिसंबर 2024 को क्रिसमस के मौके पर आएगी। अक्षय कुमार, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, अरसद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, तुषार कपूर, श्रेयस तलपडे, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी के अलावा बड़ी स्टार कास्ट शामिल है। साल 2024 में कुछ लोकप्रिय फिल्मों के सीक्वल रिलीज हो सकते हैं लेकिन अभी उनकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई हैं, जिनमें 'हेरा फेरी-3', 'गोलमाल 5', 'एंटरटेनमेंट 2' और 'किक 2' शामिल हैं।

**नॉर्थ-साउथ सिनेमा में बढ़ेंगी नजदीकियां:** ऐसा लगता है कि साल 2024 मद्रास और मुंबई के फिल्मोद्योगों के अंतर को अगर मिटाएगा, नहीं तो कम अवश्य कर देगा। इसे साबित करती हैं साल के शुरू में 12 जनवरी को ही रिलीज होने वाली दो फिल्में। पहली फिल्म 'मैरी क्रिसमस' है। डायरेक्टर श्रीराम राघवन की इस फिल्म में लीड रोल कैटरीना कैफ पहली बार साउथ स्टार विजय सेतुपति के साथ दिखेंगी। दक्षिण भारत की ही एक अन्य बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' है, जो 12 जनवरी 2024 को ही रिलीज होगी। इसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण के साथ कमल हासन और अमिताभ बच्चन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

कमल हासन की साल 1996 में आई 'इंडियन' फिल्म का सीक्वल 'इंडियन 2' भी नए साल में रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशक एस. शंकर हैं। फिल्म की स्टार कास्ट में अजय देवगन, काजल अग्रवाल, नयनतारा और रकुल प्रीत सिंह जैसे स्टार शामिल हैं। कमल हासन की एक अन्य फिल्म जिसकी बेसब्री से प्रतीक्षा है, वह 'ठग लाइफ' है। इस एक्शन फिल्म में कमल हसन के अलावा जयम रवि, तृषा कृष्णन, दुलकर सलमान और पंकज त्रिपाठी दिखाई देंगे। यह फिल्म भी साल 2024 में रिलीज होगी, लेकिन अभी फिल्म की डेट अनाउंस नहीं हुई है।

**एक्शन करते दिखेंगे अक्षय कुमार:** डेविड धवन ने अमिताभ बच्चन और गोविंदा को लेकर 'बड़े मियां छोटे मियां' नामक एक सफल हास्य फिल्म बनाई थी। अब अली अब्बास जफर इसी टाइटल से एक एक्शन फिल्म बना रहे हैं, जिसमें अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में हैं। यह फिल्म 2024 में ईद के मौके पर रिलीज होगी।




**आमिर खान करेंगे कमबैक:** साल 2023 में तीन ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद 2024 में शाहरुख खान की कोई फिल्म नहीं आएगी, जबकि आमिर खान की एक फिल्म 20 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी जिसे राजकुमार हिरानी ने बनाया है, लेकिन अभी तक इसका नाम डिसाइड नहीं हुआ है। *

वर्ष 2023 गुजर रहा है और नूतन वर्ष 2024 का आगमन हो रहा है। चालू वर्ष में देश की राजनीति, अर्थव्यवस्था ने कैसा प्रदर्शन किया और नए साल में यह कैसी रहेंगी, इस पर विवेचना आवश्यक है। विदेश नीति के मोर्चे पर भी चालू वर्ष में भारत के शानदार प्रदर्शन और नए साल की चुनौतियों से भी रूबरू होना जरूरी है। वर्ष 2023 राजनीति के लिहाज से काफी उथलपुथल वाला रहा, तो आर्थिक मोर्चे पर देश ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत वैश्विक स्तर पर एक ग्लोबल ताकत बनकर उभरा। नए वर्ष में लोकसभा के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, इसलिए यह वर्ष भी राजनीतिक उथलपुथल वाला रहेगा। वैश्विक दिक्कतों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था नए वर्ष में भी सबसे तेज गति से आगे बढ़ेगा। नए साल में भारत की संतुलित व मजबूत विदेश नीति देखने को मिलेगी। राजनीति, अर्थव्यवस्था व विदेश नीति में गुजरते साल की उपलब्धियों और नए साल की चुनौतियों का आंकलन करता आजकल का यह अंक...



# भविष्य की तैयारी का समय



राजनीति
प्रणय यादव
वरिष्ठ पत्रकार

ये वक्त भूत की समीक्षा करके भविष्य की तैयारी करने का है। साल का अंत है। नए वर्ष की दस्तक है। हर क्षेत्र में साल भर में क्या हुआ और अगले वर्ष क्या होने वाले है इसकी विवेचना हो रही है इसलिए राजनीतिक दृष्टि से भी ये होना चाहिए। पिछला साल राजनीतिक गतिविधियों के लिहाज है, सरकार के फैसलों के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण साल था। और आने वाला साल देश के राजनीतिक और आर्थिक भविष्य की दिशा तय करेगा।

नए साल की शुरूआत जय श्रीराम के उद्घोष से हो रही है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साल खत्म होने से एक दिन पहले टेंट में बैठे रामलला के दर्शन कर आए। अब 22 जनवरी को भव्यमंदिर में रामलला की स्थापना करेंगे। इसमें तो कोई दो राय नहीं कि 22 जनवरी को होने वाला कार्यक्रम ऐतिहासिक है। पांच सौ सालों के रामभक्तों के संघर्ष की परणिति है, लेकिन बीजेपी, संघ और विश्व हिन्दू परिषद ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया है। घर घर पीले चावल पहुंचाए जा रहे हैं। पांच लाख मंदिरों में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का इंतजाम किया जा रहा है। यानि पूरा देश राममय हो रहा है। ये भक्ति भाव के लिहाज से तो अच्छी बात है, लेकिन राजनीतिक लिहाज से विरोधी दलों के टेंशन को बढ़ाने वाली है। अयोध्या को बीजेपी ने भक्ति की शक्ति का प्रतीक बना दिया है। प्रोग्राम का न्योता विरोधी दलों के जिन नेताओं को दिया गया है। वो ये तय नहीं कर पा रहे हैं कि जाएं या न जाएं। जिनको निमंत्रण नहीं मिला है वो इसलिए परेशान हैं कि जाएं तो कैसे जाएं। क्योंकि सब जानते हैं कि अब भक्तिभाव चरम पर होगा और बीजेपी लोकसभा चुनाव की वैतरणी राम का नाम लेकर ही पार करेगी। अयोध्या का मुद्दा बीजेपी के लिए ऐसा है, जिसमें चिट भी मेरी पट भी मेरी और अंटा मेरे बाप का। विरोधी दलों के जिन नेताओं को बुलाया गया है, अगर वो समारोह में शामिल हुए। रामलला के दर्शन करने पहुंचे तो बीजेपी के नेता कहेंगे जो लोग राम के अस्तित्व को नरकारते थे, जो राम मंदिर के विरोधी थे, आज वो भी राम भजन कर रहे हैं इसका क्रेडिट बीजेपी को मिलना चाहिए। और अगर विरोधी दलों के नेता नहीं गए। तो उन्हें रामविरोधी घोषित कर दिया जाएगा। कुल मिलाकर अगले साल राम राजनीति के केन्द्र होंगे। और अयोध्या के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों के लिए इधर कुंआ ऊधर खाई वाली स्थिति होगी।

> **नए साल की शुरूआत जय श्रीराम के उद्घोष से हो रही है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी साल खत्म होने से एक दिन पहले ही टेंट में बैठे रामलला के दर्शन कर आए। अब 22 जनवरी को भव्यमंदिर में रामलला की स्थापना होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि 22 जनवरी को होने वाला कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। पांच सौ सालों के रामभक्तों के संघर्ष की परणिति है, लेकिन बीजेपी, संघ और विश्व हिन्दू परिषद ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया है। घर-घर पीले चावल पहुंचाए जा रहे हैं। पांच लाख मंदिरों में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का इंतजाम किया जा रहा है। यानि पूरा देश राममय हो रहा है।**

बीजेपी के एजेंडे में तीन बड़े मुद्दे थे। राम मंदिर का निर्माण, आर्टिकल 370 को हटाना और कॉमन सिविल कोड। दो तिहाई एजेंडा पूरा हो गया। नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। उसके बाद पहला फैसला आर्टिकल 370 को खत्म करने का था। और पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले पर मुहर लगा दी। उन सभी पिटीशन को खारिज कर दिया जिनमें आर्टिकल 370 को खत्म करने के फैसले की संवैधानिकता को चुनौती दी गई थी। देश की सबसे बड़ी अदालत ने, संवैधानिक पीठ ने यह सरकार के फैसले को संविधान के अनुरूप बताया। इसलिए अब आर्टिकल 370 हमेशा हमेशा के लिए खत्म हो गया, लेकिन इस पर सियासत जारी रहेगी। बीजेपी चुनावों में इसका जिक्र करेगी। और कांग्रेस समेत उन पार्टियों से जिन्होंने इस फैसले के लिए सरकार की आलोचना कर रहे हैं उनसे पूछेंगी कि अगर वो आर्टिकल 370 खत्म होने से परेशान हैं तो अपने मैनिफेस्टो में ये वादा क्यों नहीं करते कि अगर वो सत्ता में आए तो आर्टिकल 370 को वापस लाएंगे। इसी तरह अयोध्या में मंदिर बनकर तैयार है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। इसके बाद बीजेपी पांच-पांच हजार श्रद्धालुओं को रोज अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए ले जाएगी। इसका मतलब किसी न किसी तरह चुनाव तक अयोध्या के मुद्दे को चर्चा में रखा जाएगा। अब बीजेपी के एजेंडे में तीसरा मुद्दा रह गया कॉमन सिविल कोड। मतलब अब देश में कॉमन सिविल कोड की बात शुरू होगी। हालांकि बीजेपी ने इसकी भूमिका बनाने का काम पहले ही शुरू कर दिया था। तीन तलाक खत्म करना इसका पहला चरण था। अब असम सरकार बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने को गैरकानूनी घोषित करने का कानून बनाने जा रही है। यानि मुसलमानों को चार-चार शादियां करने का जो हक हासिल है वो खत्म होगा। इधर, केन्द्र सरकार ने आईपीसी और सीआरपीसी को तो पूरी तरह बदल दिया है। अब भारतीय दंड संहिता और भारतीय न्याय संहिता लागू हो गई है। अब अगला कदम कॉमन सिविल कोड की तरफ होगा, लेकिन इस तरफ नरेन्द्र मोदी की सरकार चुनाव से पहले बढ़ेगी या चुनाव के बाद ये फिलहाल कहना मुश्किल है।



ऐसा नहीं है कि बीजेपी सिर्फ धर्म की या भावनाओं के भरोसे राजनीति कर रही है। नरेन्द्र मोदी ने विकास, विरासत और विश्वास को ऐसा कॉकटेल तैयार किया है, जिसका असर आने वाले साल में खूब दिखेगा। अयोध्या, उज्जैन, काशी इसके उदाहरण हैं। अब तक ये तीनों शहर अपनी प्राचीनता, धार्मिक महत्व के लिए पहचाने जाते थे। ये आस्था के बड़े केंद्र थे, लेकिन अब आस्था के साथ-साथ आधुनिकता के प्रतीक बन गए हैं। काशी में पिछले साल पांच करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट पहुंचे। गंगा में क्रूज चल रहा है। काशी में फाइव स्टार होटल बन रहे हैं। होम स्टे चल रहे हैं। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की फैसेलिटीज उपलब्ध हैं। इसका असर काशी की इकोनॉमी पर दिख रहा है। उज्जैन में भी यही हुआ। अब अयोध्या में भी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन हो गया है। एयरपोर्ट जैसा ही अयोध्या का रेलवे स्टेशन बना है। अयोध्या का कायाकल्प हो गया है। इसका फायदा भक्तों को भी होगा और अयोध्या के निवासियों को भी। मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद जब पहली बार जापान गए थे। उस वक्त उन्होंने कहा था कि काशी को भी क्योटो की तरह विकसित करने का प्रयास करेंगे। यानि विरासत को बचाए रखकर आधुनिकता का समावेश। इसके बाद ये सरकार की थीम बन गई और आने वाले साल में इसी तर्ज पर मथुरा का विकास होगा। बुद्धा सर्किट डेवलप होगा। अमृतसर का कायाकल्प होगा। तमाम प्राचीन और पवित्र शहरों को उनकी पुरानी पहचान के मुताबिक नए तरीके से डेवलप किया जाएगा।

आने वाले साल में देश के विकास में, देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। सरकार ने पिछले साल जो सबसे बड़ा फैसला किया वो राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का था। सरकार ने संसद और विधानसभाओं में, महिलाओं को तीस परसेंट रिजर्वेशन देने का कानून पास करवा लिया है। ये बीते हुए साल की बहुत बड़ी उपलब्धि है। हालांकि महिला आरक्षण विधेयक लागू तो अगली जनगणना के बाद होगा यानि 2026 से पहले इसके लागू होने की गुंजाइश नहीं है, लेकिन चूंकि कानून बन गया है। बीजेपी इसका क्रेडिट लेगी तो राजनीतिक दलों पर भी यह दिखाने का दबाव होगा कि वह अपनी अपनी पार्टी में टिकटों के बंटवारे में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं। इसीलिए अगले लोकसभा चुनाव में महिला उम्मीदवारों की संख्या भी बढ़ेगी। चूंकि नरेन्द्र मोदी की राजनीति का फोकस आधी आबादी है। अब सेना में महिलाओं की तैनाती मोर्चे पर हो रही है। महिलाएं फाइटर जेट उड़ा रही हैं। कमांडो की ट्रेनिंग ले रही है। गांव में स्वयं सहायता ग्रुप के जरिए महिला सशक्तिकरण का अभियान चल रहा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि अगला साल नारीशक्ति के उत्थान का वर्ष होगा।

अगले साल गांव गरीब किसान और नौजवान के मुद्दों के अलावा जातियों का मुद्दा भी अगले साल राजनीति का बड़ा इश्यू होगा। बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़ों को जारी करके नीतीश कुमार ने ये संकेत दे दिए हैं। जिस तरह विरोधी दल जातिगत जनगणना की मांग को आगे बढ़ा रहे हैं। अभी हाल में ही जिस तरह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव में कांग्रेस ने अपने मैनीफेस्टो में जातिगत जनगणना का वादा किया। उससे ये साफ है कि अब लोकसभा चुनाव से पहले इस मुद्दे को बड़ा बनाने की कोशिश की जाएगी। असल में विपक्षी दलों को लगता है कि बीजेपी हिन्दुत्व की राजनीति करती है। हिन्दुत्व की पिच पर बीजेपी का मुकाबला मुश्किल है। इसलिए अगर जातियों की बात की जाए तो फायदा मिल सकता है। चूंकि ये बात अब जग जाहिर है कि जातियों के गणित में पिछड़े वर्ग की आबादी सबसे ज्यादा है। फिर दलित और आदिवासियों का नंबर है। सवर्णों की संख्या सबसे कम है, लेकिन विकास की दौड़ में सवर्ण आगे हैं। राजनीतिक दल इसी का फायदा उठाना चाहते हैं। बीजेपी को दलित पिछड़ा विरोधी घोषित करके इन वर्गों का सपोर्ट हासिल करना चाहते हैं। हालांकि बीजेपी के नेता इस चाल को समझ रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ये कहना शुरू कर दिया है कि उनके लिए सिर्फ चार जातियां हैं-गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं, लेकिन सिर्फ इस डॉयलॉग से बात बनेगी नहीं। जाति की सियासत होगी और अगले पूरे साल ये देश में राजनीतिक विमर्श का मुद्दा होगी।

# चुनौतियों के बाद भी सुनहरी आर्थिक तस्वीर



अर्थव्यवस्था
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

आज जब चालू वर्ष में हम भारतीय अर्थव्यवस्था की उपलब्धियों व कमियों की विवेचना कर रहे हैं, तो एक मिश्रित तस्वीर उभर रही है। मजबूत जीडीपी, महंगाई-बेरोजगारी पर नकेल, शेयर बाजार का रिकार्ड, जीएसटी कलेक्शन में इजाफा, विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि व आर्थिक कॉरिडोर ने वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी, तो खाने पीने की महंगाई, महंगे पेट्रोल व डीजल, सेवा क्षेत्र की कमजोरी, राजकोषीय व वित्तीय घाटा में बढ़ोत्तरी, व्यापार घाटा, सरकारी खर्च में कमी ने अर्थव्यवस्था की कमियों को उजागर किया। इस वर्ष भारत ने जी-20 का सफल आयोजन कर जहां दुनिया को नई राह दिखाई, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था के सशक्त बनने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) महंगाई को काबू में लाने, असुरक्षित माने वाले कर्ज से जुड़े जोखिम पर अंकुश लगाने, नया ऋण लेकर पुराने कर्ज चुकाने (एवरग्रिनिंग) पर लगाम लगाने तथा बैंकों में ग्राहक सेवा और बेहतर बनाने को लेकर उपाय जैसे कदमों को लेकर पूरे वर्ष सुर्खियों में रहा। नए साल में आरबीआई केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को बढ़ावा दे सकता है।

## वर्ष 2023 की उपलब्धियां

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद जीडीपी और महंगाई के मोर्चे पर साल 2023 में भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। भारत में आयोजित जी 20 समिट के दौरान भारत से यूरोप तक नया स्पाइस कॉरिडोर या आर्थिक कनेक्टिविटी कॉरिडोर बनाने पर भी सहमति बनी जो एक तरह से चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का तोड़ है। यह कॉरिडोर जल्द ही भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच बनेगा, जिसमें भारत, यूएई, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका शामिल हो रहे हैं। इटली ने बीआरई प्रोजेक्ट से अलग होने की घोषणा कर एक तरह से भारत की परियोजना के साथ अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर दी है। ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते या एफटीए की दिशा में भी वर्ष 2023 में अहम बातचीत हुई। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मौजूदा और अगले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई महंगाई दर को वर्ष 2023 में अधिकतर समय पर चार से छह प्रतिशत के बीच बनाए रखने में सफल रहा। साल 2023 में देश में बेरोजगारी दर कम करने में भी सफलता मिली है। एनएसएसओ की ताजा आवधिक श्रम बल रिपोर्ट देश में 15 साल से अधिक उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत दर्ज की गई यह छह साल में सबसे कम है। पिछले साल बेरोजगारी दर 4.1 प्रतिशत थी। 2023 में दिसंबर महीने की शुरुआत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक बार फिर 600 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। बता दें कि अक्तूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।



आरबीआई की ओर से लॉन्च की गई डिजिटल करेंसी यानी सीबीडीसी के लिहाज से भी साल 2023 अहम साबित हुआ है। सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) या ई-रुपये के सीमापार लेन-देन के उपयोग से लागत में दो से तीन फीसदी की बचत होती है। साल 2023 भारत के लिए चिप निर्माण का आगाज करने वाला साल भी रहा। माइक्रॉन टेक्नोलॉजी, फॉक्सकॉन और वेदांता जैसी कंपनियां भारत में चिप निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ा रही हैं। इस वर्ष शेयर बाजार ऑल टाइम हाई पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार पर भरोसा करते हुए अपना निवेश जारी रखा। देश में एक्सप्रेसवे और हाईवे निर्माण के लिहाज से भी 2023 अहम साबित हुआ। बंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के एक हिस्से की शुरुआत आदि अहम हैं। एविएशन सेक्टर में मजबूती आई। वर्ष 2023 में हवाई यात्रियों की संख्या में भी बड़ी वृद्धि हुई।

## ग्लोबल चुनौतियां

व्यापार में तनाव, बढ़ती ब्याज दरें, रूस व यूक्रेन युद्ध व इजराइल-हमास जंग, आपूर्ति तंत्र पर असर, खाद्यान्न व ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक खींचतान, सुस्त आर्थिक विकास दर नव वर्ष में चुनौतियां बनी रहेंगी। यूक्रेन युद्ध के जारी रहने से भारत के सबसे बड़े निर्यात बाज़ार यूरोपीय संघ में ऊर्जा से जुड़ी मंदी का खतरा है। फेड की दर वृद्धि में विराम वर्ष की दूसरी छमाही तक संभव नहीं है, क्योंकि अमेरिका घटती मुद्रास्फीति के दबाव से जूझ रहा है। बढ़ते संरक्षणवाद, एक वि-वैश्वीकरण-विरोधी आंदोलन और आर्थिक विखंडन नव वर्ष में चुनौतियां बने रहेंगे।

## भारतीय अर्थव्यवस्था की उम्मीदें

भारत नव वर्ष में भी सबसे तेज विकास दर वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आरबीआई ने इस वित्तीय वर्ष (2023-24) में 7% के जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया है। वित्त वर्ष (2024-25) में इसके 6.4% पर होने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, भारत वर्ष 2023 में 5.8 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगा। फिच रेटिंग्स के मुताबिक, 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था में 6.9% की वृद्धि दर रहेगी। 2024 में घरेलू मांग भी सेवाओं से वस्तुओं की ओर ट्रांसफर होने की संभावना है। अब तक जियो-पॉलिटिकल घटनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर नहीं किया है, लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से नए वर्ष में इसका टेस्ट होगा क्योंकि व्यापार लागत बढ़ने लगी है और कच्चे तेल पर दबाव पड़ सकता है। 2024 में अमेरिका और भारत सहित रिकॉर्ड 40 देशों में आम चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम फर्मों के बीच समस्या बनी हुई है, जो नए साल में भी रहेगी। आयातित ऊर्जा पर भारत की निर्भरता एक चुनौती है, आगे भी बनी रहेगी। एक बड़े और बढ़ते बाजार, एक युवा कार्यबल और शिक्षा सुधार, अपस्किलिंग, विनिर्माण, तकनीक-सक्षम शासन, बुनियादी ढांचे के विकास और बढ़ी हुई क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पर एक दृढ़ नीतिगत जोर के साथ, देश ग्रीनफील्ड निवेशकों और व्यवसायों दोनों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। बाज़ार विस्तार, विलय और अधिग्रहण, और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण से आर्थिक गतिविधियां बढेंगी। भारत अपने मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के कारण वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक स्थान बना रहेगा। 2024 में भारत में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने वाले प्रमुख उद्योगों में स्वास्थ्य सेवा और बीमा, फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहन व ऑटोमोबाइल, आईटी सेवाएं, रियल एस्टेट, बुनियादी ढांचा, एफएमसीजी, आरएंडडी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), तकनीकी नवाचार शामिल हैं। 2024 में निवेश-आधारित विकास के लिए उभरते उद्योग हैं बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान, हरित हाइड्रोजन, बायोटेक, एवीजीसी (एनीमेशन, दृश्य प्रभाव, गेमिंग, कॉमिक्स), सेमीकंडक्टर चिप निर्माण। इसलिए अर्थव्यवस्था के बेहतर रहने की उम्मीद है।

# दुनिया के पटल पर मजबूत हुआ भारत



भू-राजनीति
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

दुनिया के मुख्तलिफ हिस्सों में भयानक युद्धों के जारी रहने के बावजूद भारत ने वर्ष 2023 में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। वर्ष 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। भारत ने अध्यक्ष के तौर पर जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी अंजाम दी। जी-20 के अध्यक्ष देश के तौर पर भारत की कयादत में विश्व के विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक शानदार बैठकें आयोजित की गई। अफ्रीकी संघ को जी-20 की पूर्ण सदस्यता हासिल हुई। जी-20 सम्मेलन के पहले ही दिन दुनिया भर के नेताओं ने दिल्ली घोषणा पत्र पर अपनी सहमति व्यक्त कर दी। विश्व पटल पर यह भारत की बड़ी नैतिक और कूटनीतिक उपलब्धि रही। अरब मुल्कों के साथ भारत के कूटनीतिक संबंध जिस ऊंचाई तक पहुंचे हैं, उसी का शानदार नतीजा हुआ है कि कतर में भारत के जिन पूर्व नेवल अधिकारियों को सजा ए मौत प्रदान की गई थी, उनकी सजा कैद में बदल दी गई है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतर गया।

## पड़ोस में सतर्क रहे भारत

मालदीव की नई हुकूमत की कयादत मोहम्मद मुइज्जू कर रहे हैं, जोकि चीन के प्रबल समर्थक है। उन्होंने आधिकारिक रूप से भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस चले जाने और भारत से अपना हेलीकॉप्टर वापस ले जाने के लिए कहा है। इस छोटे से मगर रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ोसी देश के साथ बहुत सावधानी के साथ निपटना होगा। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान में भी चीन की सक्रिय दखलंदाजी पर सख्त कूटनीतिक नजर रखने की दरकार है। प्रधानमंत्री मोदी और शेख हसीना ने अखौरा-अगरतला रेलवे लाइन का उद्घाटन किया गया। जोकि भारत के पूर्वोत्तर को बांग्लादेश से जोड़ देगा। इससे अगरतला और कोलकाता की यात्रा में काफी कम समय लगेगा।

## चीन से तल्ख रिश्ते

चीन के साथ हमारे कामकाजी रिश्ते तो बाकायदा बरकरार बने हुए हैं। निरंतर जारी कूटनीतिक और सैन्य वार्ताओं को बावजूद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। चीनी समकक्ष के साथ बात करते हुए हमारे विदेश मंत्री ने एकदम स्पष्ट कहा कि सीमा विवाद का पूरी तरह जब तक समाधान नहीं हो जाता तब तक चीन और भारत के रिश्ते सामान्य हो ही नहीं सकते हैं। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के विस्तारवाद से निपटने की खातिर क्वाड को और अधिक शक्तिशाली बनाना होगा।

## पाक को साधना होगा

पाकिस्तान के साथ भारत के ताल्लुकात एकदम तनावपूर्ण, नाजुक और अनिश्चित स्थिति में बने हुए हैं। कश्मीर में जब तक पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का पूर्णतः सफाया नहीं हो जाता, तब तक आने वाले दौर में भी पाकिस्तान



के साथ संबंध सामान्य बन जाने की कोई स्थिति नहीं होगी। अफगानिस्तान को भारत की मानवीय सहायता निरंतर जारी है। मगर इस देश को नई सुबह की दरकार है। भारत मदद करे।

## कनाडा से कठोर संबंध

कनाडा यकीनन खालिस्तानियों की पनाहगाह बनता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर वैश्विक आतंकवाद का एकजुट होकर मुकाबला करने की पैरवी करने वाले अमेरिका और कनाडा को खालिस्तानियों पर कड़ी लगाम आयद करनी चाहिए। आज वह विकट दौर आ गया है, जबकि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी है।

## दोनों जंग का हो अंत

यूक्रेन बनाम रूस युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ था कि एक नए विनाशकारी युद्ध द्वारा दुनिया की सरजमीं पर दस्तक दे दी गयी। यह युद्ध मध्य पूर्व में इजरायल और फिलिस्तीन की धरती पर शुरू हो गया है। सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से हमास तंजीम द्वारा कुछ रॉकेट इजरायल की धरती पर दागे गए और इसके बाद इजरायल हुकूमत द्वारा एक ऐसा विनाशकारी युद्ध शुरू किया गया, जिसका मकसद हमास तंजीम को पूरी तरह से तबाह और बर्बाद कर देना था। इसराइल के पक्ष में अमेरिका कमर कसकर खड़ा हो गया, अतः कोई भी प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में युद्ध को समाप्त करने के लिए अथवा युद्ध विराम के लिए भी पारित नहीं किया जा सका, क्योंकि अमेरिका इसराइल का फिलिस्तीन के विरुद्ध अंध समर्थन करता रहा है। इसराइल सेना के आक्रमण में अभी तक तकरीबन बीस हजार से अधिक फिलिस्तीन नागरिक मारे जा चुके हैं। हलाक़ हुए इन नागरिकों में बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं, जिनका युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है। यूक्रेन युद्ध में रूस की आक्रामक बर्बरता के विरुद्ध बोलने वाले, पश्चिमी राष्ट्र आज इजरायल की विध्वंसकारी बर्बरता पर एकदम खामोश हैं। फिलिस्तीन की सरजमीन पर गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक पर रहने वाले बेबस इंसानों को रोज-रोज भयानक बारुदी विध्वंस का मुकाबला करना पड़ रहा है। यह भीषण विध्वंस विश्व की मानवीय चेतना को जरा सा भी झकझोर नहीं रहा है। वर्ष 2024 का आगमन हो रहा है और यूक्रेन और ग़ज़ा में छिड़ी जंग का निरंतर विस्तार हो रहा है। चीन और अमेरिका के मध्य ताइवान को लेकर सैन्य तनातनी बढ़ रही है।

## जलवायु परिवर्तन चुनौती

जलवायु परिवर्तन की चुनौती आने वाले दौर की सबसे प्रबल चुनौती सिद्ध होगी। जहां एक तरफ युद्ध के कारण तबाही मची है वहीं दूसरी तरफ वहीं दूसरी तरफ जलवायु परिवर्तन के कारण बड़े-बड़े तूफान आ रहे हैं। विनाशकारी प्राकृतिक आपदाएं कहर ढा रही हैं। पर्यावरण विनाश की कीमत पर कोई भी आर्थिक विकास मानव जाति के लिए कोई सार्थक अर्थ नहीं रखता। महात्मा गांधी की सीख हमें याद आती है कि दुनिया के संसाधन इंसान की जरूरतों के लिए तो पर्याप्त है, लेकिन उसकी अंतहीन लिप्सा और लालच के सामने ये कुछ भी नहीं है।

## शांति की आकांक्षा

आज विश्व को शांति की कहीं अधिक दरकार है। जंग और संघर्ष तबाही, गरीबी और भुखमरी को फैला रहे हैं। लाखों लोग बेघर हो रहे हैं। आर्थिक विषमता इतनी गहरी हो गई है कि शांतिपूर्ण देश भी आर्थिक विषमता व राजनीतिक ध्रुवीकरण की लपेट में आ चुके हैं। वैश्विक संकट की इस विकट दौर में भारत को अपनी अर्वाचीन ऋषि परंपरा के अनुरूप विश्व शांति की स्थापना के लिए विश्व पटल पर आगे आना चाहिए और इसके लिए प्रबल पहल करनी चाहिए, ताकि रूस-यूक्रेन युद्ध का समुचित समाधान निकाला जा सके और इजरायल और फिलीस्तीन के मध्य जारी जंग समाप्त की जा सके। दुनिया में एक उज्जवल भविष्य की बुनियाद रखी जा सके, जिसमें आर्थिक विकास के साथ ही साथ राजनीतिक सद्भाव और सामाजिक सद्भाव भी निहित हो।



# ...@ 2023

# ...चांद पर तिरंगा



## चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखने वाला दुनिया का 'पहला देश' भारत

**23 अगस्त** को भारत ने इतिहास रच दिया। चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कर देश दुनिया में अपना सीना चौड़ा कर लिया।

**02 सितंबर** को एक और उपलब्धि हासिल की। इसरो ने सूर्य मिशन आदित्य एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

# अलविदा 2023

पिछला साल कई खट्टी मीठी यादों के लिए जाना जाएगा। देश दुनिया ने जहां कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की, वहीं कई दुखदायी घटनाएं भी मानस पटल को झकझोर गईं। भारत के लिए यह साल कई मामलों में ऐतिहासिक रहा। भारत ने जहां चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग कर दुनिया में लोहा मनवाया। भारत ने अनेक उपलब्धियां हासिल की। इनमें देश में सबसे बड़ा मेडिटेशन सेंटर हो, गंगा विला क्रूज, गुजरात में दुनिया की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग हो या फिर जी-20 और क्रिकेट वर्ल्डकप की सफल मेजबानी कर भारत ने दुनिया में धाक जमाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। हालांकि यह साल देश को कई दर्दनाक हादसे भी दे गया, जिनकी खाई कभी नहीं पटेगी। इनमें बालासोर ट्रेन हादसा, भूंकप जैसी कई दर्दनाक घटनाएं हैं, जो लोगों को खून के आंसू रुला गईं। तुर्की में आए भूकंप ने भी पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया। इस साल भी पहले साल की तरह यूक्रेन और रूस के बीच जंग जारी रही। हमास और इजरायल के बीच एक और नई जंग ने दुनिया के सकते में डाल दिया। पेश है वर्ष 2023 की खास रिपोर्ट।

## ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा 2023



### वाराणसी में बना दुनिया का सबसे बड़ा मेडिटेशन सेंटर

18 दिसंबर को दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर स्वर्वेद महामंदिर का पीएम मोदी ने उद्घाटन किया। यह 7 मंजिला मेडिटेशन सेंटर तीन लाख वर्ग फीट में फैला है।



### दुनिया का सबसे लंबा गंगा विलास क्रूज

13 जनवरी को पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे लंबे नदी क्रूज गंगा विलास को हरी झंडी दिखाकर लॉन्च किया। इससे 51 दिनों में 3200 किलोमीटर की यात्रा की।



### सूरत में दुनिया की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग

17 दिसंबर को दुनिया की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग सूरत डायमंड बोर्स को पीएम मोदी ने उद्घाटन किया। इसके अंदर 4500 से अधिक ऑफिस हैं।



### सोना-चांदी-सेंसेक्स आल टाइम हाई

इस साल सोना ऑल टाइम हाई 63,850 रुपये प्रति दस, चांदी रिकॉर्ड 73711 रुपये प्रति किलो और सेंसेक्स ने 71483.75 अंक और निफ्टी ने 21300 अंक का हाई रिकॉर्ड बनाया।



### भारत मंडपम का उद्घाटन

भारत मंडपम प्रगति मैदान में स्थित एक अत्यंत आधुनिक कंवेशन सेंटर है। देश के सभी बड़े आयोजन अब इसी केंद्र में होंगे। पीएम मोदी ने 26 जुलाई को इस कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया।



### नई संसद भवन का उद्घाटन

26 मई को पीएम मोदी ने नई संसद भवन का उद्घाटन किया। नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें तमिलनाडु के अधीनम मठ से लाए गए सेंगोल को आसन के पास स्थापित किया गया।



### सबसे बड़ी आबादी का तमगा

19 अप्रैल को भारत चीन को पछाड़ दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया। अब भारत की जनसंख्या 142 करोड़ 46 लाख को गई।



### जी-20 का आयोजन

भारत ने जी-20 का सफल आयोजन कर पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान देश में 60 शहरों में 200 बैठकें हुईं।

## सियासी जंग

देश में पिछले साल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए। इस दौरान सियासी पारा काफी गर्म रहा। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हुए। मोदी का जादू एक बार फिर चला और मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बहुमत की सरकार बनाई। कांग्रेस को केवल तेलंगाना में ही जीत मिली। वहीं, मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को पूर्ण बहुमत मिला।

### मध्यप्रदेश



मध्यप्रदेश में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 230 में से 163 सीटों पर जीत दर्ज कर चौथी बार सरकार बनाई। कांग्रेस को केवल 66 सीटें ही मिल पाई। राज्य में शिवराज सिंह चौहान की जगह मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने सबको चौंका दिया।

### राजस्थान



राजस्थान में 199 सीटों पर चुनाव हुए। भाजपा ने 115 सीटें जीतकर कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। कांग्रेस के खाते में केवल 69 सीटें ही आईं। यहां भी भाजपा ने चौंकाते हुए नए चेहरे भजनलाल शर्मा की ताजपोशी की।

### छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ में भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता छीन ली। 90 सीटों वाली विधानसभा में 54 सीटों पर जीत दर्ज की। कांग्रेस को यहां 35 सीटों पर ही जीत मिली। भाजपा ने यहां भी विष्णु देव साय को राज्य का नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया।

### तेलंगाना



तेलंगाना में केसीआर की पार्टी भारत राष्ट्र समिति को हराकर कांग्रेस ने सत्ता हथिया ली। कांग्रेस राज्य में 64 सीटें जीतीं। बीआरएस को 39 और भाजप को 8 सीटें मिली। कांग्रेस ने भी युवा चेहरे रेवंत रेड्डी को राज्य की कमान सौंपी।

### मिजोरम



पूर्वोत्तर के राज्य मिजोरम में क्षेत्रीय दल जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने 40 में से 27 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। पूर्व आईपीएस लाल दुहोमा राज्य के नए मुख्यमंत्री बनें। वहीं सत्तारूढ़ दल एमएनएफ को 10 और भाजपा को 2 सीटें मिलीं।

## दर्दनाक और हैरान कर देने वाली घटनाओं ने झकझोरा

### विनाशकारी भूकंप



6 फरवरी को साउथ ईस्ट तुर्की और सीरिया में दो भूकंपों ने तबाही मचाई। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 7.8 और 7.6 मापी गई थी। इस प्राकृतिक आपदा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई।

### इजरायल-हमास जंग



साल 2023 की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है इजराइल और हमास की जंग। 7 अक्टूबर को आतंकी संगठन हमास ने इजराइल पर तीन ओर से जोरदार हमला किया। जंग शुरू हो गई। अब तक 20 हजार लोग मारे जा चुके हैं।

### सबसे बड़ा विस्थापन



रूस-यूक्रेन युद्ध में अक्टूबर महीने में 62 लाख यूक्रेन के नागरिकों ने दुनिया भर में शरण ली। इनमें से 58 लाख लोग तो केवल यूरोप गए। यह अब तक का सबसे बड़ा विस्थापन था। दोनों देशों में युद्ध अब भी जारी है।

### ट्रेन हादसा



2 जून को ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण रेल हादसे के कारण 296 लोगों ने जान गंवा दी और 1,200 से ज्यादा लोग घायल हुए। पहली बार ऐसा हुआ जब तीन ट्रेनों के आपस में टक्कर हुई।

### जिनपिंग तीसरी बार बने राष्ट्रपति



69 साल के जिनपिंग चीन में तीसरे बार राष्ट्रपति चुने गए। माओत्से तुंग के बाद वो दूसरे नेता है जिन्होंने ये कीर्तिमान बनाया है। शी जिनपिंग ने चीन में 4 दशक पुरानी परंपरा को तोड़ दिया।



### डोनाल्ड ट्रंप दोषी करार

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के इतिहास में पहले राष्ट्रपति हैं, जिन्हें आपराधिक मामलों का सामना किया। 14 अगस्त को ट्रंप को कोर्ट ने राष्ट्रपति चुनावों में धोखाधड़ी करने का दोषी माना।



### जेसिंडा के इस्तीफे ने चौंकाया

19 जनवरी को न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने अचानक से इस्तीफा देने का ऐलान करके सनसनी फैला दी। उन्होंने कहा कि उनके अंदर काम के लिए ऊर्जा नहीं बची है।



### इमरान खान को जेल

पाक के पूर्व पीएम इमरान खान तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में तीन साल की जेल की सजा दी गई। वह अभी जेल में बंद हैं।



### ब्रिटेन में प्रिंस राज

ब्रिटेन में 70 साल बाद प्रिंस चार्ल्स को सम्राट का ताज पहनाया गया। ब्रिटेन में राष्ट्रीय गीत में भी बदलाव किया गया।



### सबमरीन हादसा

18 जून को टाइटन नाम की सबमरीन अटलांटिक महासागर में हादसे का शिकार हो गई। हादसे में पांच अरबपतियों की जान गई।



### चीनी विदेश मंत्री गायब

चीन के विदेश मंत्री चिन गांग अमेरिकी टीवी एंकर से अफेयर की चर्चा के बाद गायब हो गए। बाद में उनका शव मिला।

# ...@ 2023






## 12 नवंबर को फंसे

की सुबह 5:30 बजे उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल का एक हिस्सा धंस गया। 41 श्रमिक फंस गए। 17 दिन रेस्क्यू चला और सभी श्रमिक सुरक्षित बाहर निकल आए।

## जोशीमठ के 868 घरों में दरार

02 जनवरी की रात 2.30 बजे जोशीमठ में दीवारों के दरकने और कंक्रीट के टुकड़े गिरने से लोगों को घरों से बाहर रहने को मजबूर होना पड़ा। 8 जनवरी तक 868 घरों में दरारें आ चुकी थीं। यहां रहने वाले 600 परिवारों को पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# 2023

## उत्तरकाशी टनल से 17 दिन में निकले 41 श्रमिक

*बीता साल अनेक अच्छी और बुरी यादें हमारे जेहन में छोड़ गया। देश-दुनिया में ऐसी अनेक घटनाएं हुईं, जिसने हमारे दिलो-दिमाग पर गहरा असर डाला। उत्तरकाशी टनल हादसे ने फंसे 41 मजदूर 17 दिन चले बचाव अभियान के बाद जब हंसते हुए बाहर निकले तो यह साहस और धैर्य की मिसाल बन गया। वहीं, संसद में यह पूरा साल गहमागहमी से भरा रहा। संसद में 33 फीसदी आरक्षण बिल पास होने से महिलाओं के अधिकारों में इजाफा हुआ तो मणिपुर हिंसा में महिलाओं के साथ हुए अन्याय ने पूरे देश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया। साल के जाते-जाते संसद में शीत सत्र के दौरान सुरक्षा चूक ने भी लोकतंत्र के मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। रेसलिंग में पदकों की झड़ी लगाने वाली महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर जब शोषण के आरोप लगाए तो पूरा देश सकते में आ गया। इस साल कई नामचीन हस्तियां भी अलविदा कह गईं। इनमें सतीश कौशिक और सुब्रत रॉय जैसे कई दिग्गज शामिल रहे। पेश है ऐसे ही खट्टी मिट्टी यादों से भरी वर्ष 2023 की खास रिपोर्ट।*

## कुश्ती का सड़क पर दंगल



**18 जनवरी** को जंतर-मंतर पर 30 पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए धरना शुरू कर दिया। बाद में साल भर दांव पेच चलते रहे। 21 दिसंबर को बृजभूषण के खास संजय सिंह डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष बने। 24 दिसंबर को खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को सस्पेंड कर दिया।

## शराब घोटाला : आप के गले की फांस



**26 फरवरी**

दिल्ली शराब नीति मामले में उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को ईडी ने गिरफ्तार किया। उन पर शराब कारोबारियों को फायदे पहुंचाने का आरोप लगा। **4** अक्टूबर को संजय सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। अरविंद केजरीवाल को भी समन जारी किए जा चुके हैं।

संसद

# सुरक्षा चूक पर संसद में हंगामा, पहली बार 146 सांसदों का निलंबन

### आधी आबादी को 33 फीसदी आरक्षण



**29** सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के साथ नारी शक्ति वंदन कानून बन गया। इससे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को **33** फीसदी आरक्षण मिल गया। **2023** में लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी **15** फीसदी और राज्य विधानसभाओं में **10** फीसदी है। नए कानून से यह संख्या बढ़कर **33** फीसदी हो जाएगी। अब देश में महिलाओं के हक को लेकर अधिक प्रबल आवाज उठाई जा सकेगी और उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाया जा सकेगा। आने वाले सालों में यह महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा।

### दो शख्स दर्शक दीर्घा से सदन में कूदे, स्मोक केन का किया इस्तेमाल



**13** दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान **2** शख्स दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए। उन्होंने स्मोक केन भी चलाए। संसद में हुए इस अप्रत्याशित घुसपैठ पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा और राज्यसभा के **146** सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। इतने सारे सांसदों का एक सत्र में निलंबन भारतीय संसद के इतिहास में कभी नहीं हुआ।

### मोदी सरनेम
### राहुल की सांसदी गई बाद में बहाल भी हुई



**23** मार्च को सूरत की मेट्रोपॉलिटन कोर्ट ने राहुल गांधी को मोदी सरनेम केस में दो साल की सजा सुनाई। इससे अगले ही दिन उनकी सांसदी गई और बंगला भी ले लिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने **4** अगस्त को सजा पर रोक लगाई। सांसदी बहाल हो गई। हालांकि सेशन कोर्ट में यह केस अभी चल रहा है। राहुल ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक में एक रैली के दौरान 'मोदी सरनेम' को लेकर बयान दिया था। इस बयान को लेकर भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

### घूस लेकर सवाल
### टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की सांसदी गई



अक्टूबर माह में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा कि टीएमसी की सांसद महुआ पैसे लेकर सवाल पूछती हैं। जांच में सामने आया कि महुआ ने लोकसभा वेबसाइट का पासवर्ड बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी को दिया। **8** दिसंबर को संसद में महुआ के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित किया गया। इसके तुरंत बाद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद कर दी गई।

## सिक्किम में बाढ़



**04** अक्टूबर को सिक्किम में दक्षिण लोनाक झील के फटने तीस्ता नदी पर बना बांध टूट गया। नदी का जलस्तर **15** से **20** फीट तक बढ़ गया। नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ में बह गया और यहां खड़ी **41** गाड़ियां डूब गईं।तेज पानी के बहाव में **75** लोगों की मौत हो गई। सेना के **22** जवानों सहित **105** लोग लापता हो गए। इससे सबक मिला की **56** हिमनद झीलों पर उन्नत चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की जरूरत है।

## मणिपुर हिंसा



**3** मई को मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच हिंसा की आग भड़क उठी। इस बीच महिलाओं को नग्न करने के वीडियो भी वायरल हुए। करीब **4** महीने में **175** लोगों की जान चली गई। हिंसा को रोकने के लिए सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस के संघर्ष के कारण **60,000** से अधिक लोगों को अपने घरों से दूसरी जगहों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।इसे लेकर विपक्ष ने संसद में हंगामा किया और पीएम मोदी से संसद में बयान देने का दबाव बनाया।

## इंडिया का गठन



**18** जुलाई को कांग्रेस समेत **26** विपक्षी दलों ने मिलकर 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए I.N.D.I.A यानी इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव एलायंस नाम का गठबंधन बनाया। इस गठबंधन का मकसद आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर देने का है। हालांकि गठबंधन का नाम इंडिया रखने पर देश में एक राजनीतिक बहस भी शुरू हो गई है। भाजपा ने देश का नाम इंडिया की जगह भारत करने की कवायद शुरू कर दी है।

## दो ऑस्कर अवॉर्ड



मार्च के महीने में **95** वें ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भारत ने पहली बार दो अवॉर्ड जीते। द एलिफेंट व्हिस्परर्स को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री और नाटू-नाटू के बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग के लिए ऑस्कर का अवॉर्ड दिया गया। इन दो अवॉर्ड के साथ ही भारत के पास अब कुल **7** ऑस्कर अवॉर्ड हो चुके हैं। ऑस्कर अवॉर्ड समारोह में आरआरआर के गाने नाटू-नाटू पर काल-राहुल ने लाइव परफॉर्मेंस दी। दर्शकों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया।

## श्रद्धांजलि

# प्रकाश सिंह बादल, सुब्रत रॉय और सतीश कौशिक जैसी 14 हस्तियां हमारे बीच नहीं रहीं

### *प्रकाश सिंह बादल : पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री*



*25 अप्रैल को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री व शिरोमणि अकाली दल के नेता प्रकाश सिंह बादल का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।*

### *ओमान चांडी : केरल के पूर्व मुख्यमंत्री*



*18 जुलाई को इनका निधन हुआ। इन्होंने 2022 में केरल में सबसे लंबे समय तक सदस्य रहने का रिकॉर्ड बनाया था।*

### *बिशन सिंह बेदी : स्पिन के जादूगर*



*बाएं हाथ के स्पिनर और क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी का लंबी बीमारी के बाद 23 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 77 साल के थे।*



**सतीश कौशिक**

*66 वर्षीय फिल्म निर्माता और निर्देशक सतीश कौशिक का हार्ट अटैक के कारण दिल्ली में निधन हो गया।*

### *शरद यादव : पूर्व केंद्रीय मंत्री*



*12 जनवरी को गुरुग्राम में पूर्व केंद्रीय मंत्री और जनता दल के नेता शरद यादव का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।*

- ***चार्ली मंगर** : दिग्गज निवेशक चार्ली मंगर का 29 नवंबर को निधन हो गया।*
- ***पृथ्वी सिंह ओबेरॉय**: ओबेरॉय समूह के चेयरमेन का 98 वर्ष की उम्र में 29 नवंबर को निधन हुआ।*
- ***पराग देसाई:** 23 अक्टूबर को निधन। पराग देसाई वाघ बकरी चाय के निर्माता और मालिक थे।*
- ***एमएस स्वामीनाथन:** प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक का 28 अक्टूबर को 98 वर्ष की उम्र में निधन हुआ।*

### *परवेज मुशर्रफ : पाक के पूर्व राष्ट्रपति*



*पाक के पूर्व राष्ट्रपति और सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ का लंबी बीमारी के बाद 5 फरवरी को दुबई में निधन हो गया।*

- ***नितिन देसाई:** बॉलीवुड के प्रसिद्ध आर्ट डायरेक्टर 2 अक्टूबर को एनडी स्टूडियो में मृत पाए गए।*
- ***बिंदेश्वर पाठक:** सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विसेज के संस्थापक का 15 अगस्त को निधन हुआ।*
- ***तारिक फतेह :** पाकिस्तानी मूल के लेखक का 24 अप्रैल को कनाडा में निधन हो गया। 73 साल के खुद को हिंदुस्तान का बेटा और पंजाब का शेर कहा करते थे।*



**सुब्रत रॉय**

*14 नवंबर को देर रात मुंबई के एक निजी अस्पताल में सहारा इंडिया ग्रुप के प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन हो गया।*

## क्रिकेट में नंबर वन



**23** सितंबर को भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए वनडे मैच को जीतकर क्रिकेट की तीनों फॉर्मेट वनडे, टी-20 और टेस्ट में नंबर वन रैंकिंग हासिल कर ली। यह क्रिकेट इतिहास में दूसरा मौका था , जब कोई टीम तीनों फॉर्मेट में नंबर वन बनी थी।

### *वनडे : भारत नहीं बन पाया तीसरी बार चैंपियन*

**19** नवंबर को भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में भारत को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा और भारत का तीसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना अधूरा ही रह गया।

**पीएम का अयोध्या में भव्य स्वागत, मोदी के नारों के साथ 'जय श्री राम' का उद्घोष**

# 15 किमी लंबे रोड शो में होती रही फूलों की बारिश, अद्भुत नजारा

भाषा ▶▶| अयोध्या (उप्र)

पीएम मोदी जैसे ही अयोध्या के वाल्मिकी एयरपोर्ट पहुंचे एयरपोर्ट पर सीएम योगी ने पीएम मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया। पीएम का जबर्दस्त स्वागत हुआ। फूलों की वर्षा के साथ आम लोगों ने स्वागत किया। पीएम मोदी वहां से 15 किलोमीटर लंबे रोड शो किया। इस रोड शो में भारी भीड़ रही। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों किनारे लोगों की भारी भीड़ जुटी है। फूलों की बारिश हो रही है। कड़ी सुरक्षा के बीच पीएम का रोड शो आगे बढ़ रहा था। पीएम ने अयोध्या के विकास को नई उड़ान दी। लता चौक से रामपथ पर पहुंचे पीएम का साधु-संतों ने स्वागत किया। सड़क के दोनों किनारे पर लोगों ने उनका स्वागत किया। पीएम भी अभी का नमन भी किया। योगी ने 'एक्स' पर प्रधानमंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत करते हुए एक तस्वीर साझा की और एक पोस्ट में कहा, ''आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी का अयोध्या धाम में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन।''

**मोदी के रोडशो के लिए सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई**



### प्रधानमंत्री का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और तस्वीर भी लेते दिखे लोग



एक अन्य पोस्ट में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपके यशस्वी और दूरदर्शी नेतृत्व में अयोध्या धाम की विरासतों को संरक्षित व संवर्धित करते हुए उसके समग्र विकास की यात्रा अविराम जारी है। आपका हार्दिक आभार एवं अभिनंदन।'' अयोध्या पहुंचने के बाद मोदी हवाई अड्डे से ही एक रोड शो पर निकले। इस दौरान सड़क के दोनों ओर हजारों लोगों की भीड़ प्रधानमंत्री की एक झलक पाने को बेताब दिखी। मोदी का कारवां रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ा। सुरक्षाकर्मियों से घिरे मोदी सड़कों के दोनों ओर उमड़े लोगों का उत्साह देखकर खुद को रोक नहीं पाए और प्रधानमंत्री ने भी अपने वाहन का दरवाजा खोला और हाथ हिलाकर उत्साहित जनता का अभिवादन किया। फिर वह वाहन पर खड़े होकर ही लोगों के अभिवादन का जवाब देते नजर आए। लोग उनके काफिले पर पुष्प वर्षा कर रहे थे।



## प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला लाभार्थी के घर चाय पी

**अयोध्या (उप्र) (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को अपने अयोध्या दौरे में लता मंगेशकर चौक के करीब स्थित एक मोहल्ले में उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी मीरा से उनके घर मुलाकात की और चाय पी। प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में रैली को संबोधित करते हुए स्वयं इस बात का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज मुझे उज्ज्वला गैस कनेक्शन की 10 करोड़वीं लाभार्थी के घर जाकर चाय पीने का अवसर मिला।' उन्होंने उज्ज्वला योजना की वर्ष 2019 में बलिया से शुरुआत करने की याद दिलाते हुए कहा कि तब (विपक्ष द्वारा) इसका उपहास उड़ाया जाता था लेकिन उज्ज्वला योजना ने करोड़ों माताओं, बहनों का जीवन बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना की लाभार्थी के आवास पर चाय पी और उनसे संक्षिप्त बातचीत की। मोदी का कार्यक्रम पहले से निर्धारित नहीं था। ऐसे में मोदी के मीरा के घर अचानक पहुंचने पर बस्ती के लोग हैरान रह गए। उनके पहुंचने पर पूरा क्षेत्र मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। इस दौरान मोदी ने मीरा के हाथों की बनी चाय पी और कहा कि ''चाय अच्छी है, मगर थोड़ी मीठी हो गई है।'' इसके साथ ही मोदी ने परिवार व पूरी बस्ती का हाल-चाल जाना। मोदी लाभार्थी मीरा के परिवार वालों से भी मिले। इस दौरान मोदी ने योजना के लाभ के बारे में जानकारी ली।

**जम्मू-कश्मीर के लोग अपनी तकदीर लिखने को आजाद**
**विकसित भारत के लिए ज्ञान का फॉर्मूला दिया**

# आर्टिकल 370 हमेशा के लिए चला गयाः मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आर्टिकल 370 हमेशा के लिए खत्म हो गया है और अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोग पहली बार अपने हाथों से अपनी तकदीर लिखने को आजाद हैं। मोदी ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में यह बातें साझा कीं। पीएम ने कहा कि एक भाजपा कार्यकर्ता, मुख्यमंत्री और पीएम रहते हुए उन्होंने जो भी काम किया है उसमें हमेशा देश को सबसे आगे रखा है। पीएम ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का एक फॉर्मूला दिया- ज्ञान (जीवाईएएन) जिसमें जी का मतलब गरीब, वाई का मतलब युवा, ए का मतलब अन्नदाता और एन का मतलब नारी शक्ति है। पीएम ने कहा कि हम ज्ञान पर ध्यान देंगे, ज्ञान को सम्मान देंगे तो विकसित भारत बनेगा। पीएम ने कहा कि देश के लिए मुद्दा ये नहीं है कि आर्टिकल 370 के मामले को सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी तौर पर खत्म किया। लोगों को परेशानी इस बात से है कि एक अस्थायी प्रावधान को खत्म करने में इतना वक्त लगा। नेहरू जी ने संसद में कहा था कि 'घिसते-घिसते घिस जाएगा', फिर भी जम्मू-कश्मीर के लोग सात दशक तक अपने अधिकारों से वंचित रहे। खासतौर पर निचले तबके के लोगों और महिलाओं को उनके अधिकार नहीं मिले। अब जब ये आर्टिकल हमेशा के लिए खत्म हो गया है तो



- पीएम मोदी ने कहा कि मैंने अब तक जो भी कुछ किया है, चाहे वह पार्टी के कार्यकर्ता के तौर पर किया हो, मुख्यमंत्री रहते हुए या पीएम के तौर पर, मैंने हमेशा देश को सबसे आगे रखा।
- मैं देश को सबसे आगे रखता हूं इसलिए कड़े फैसले ले पाता हूं।
- पीएम ने कहा कि माखन पर लकीर तो सब करते हैं, करनी है तो पत्थर पर लकीर करो। कठिन है तो क्या हुआ, शुरुआत तो करे।
- भारत की क्षमताएं अब खुल गई हैं और वैश्विक मंचों पर भारत की मौजूदगी और भारत के सहयोग की मांग की जाती है।
- पीएम मोदी की गारंटी चुनाव जीतने का कोई फॉर्मूला नहीं है, बल्कि यह गरीबों का भरोसा है।

## राम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा व अमृतकाल की शुरूआत, महज संयोग नहीं : शाह

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

(भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अयोध्या के राममंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं देश के 'अमृतकाल' की शुरूआत मजह एक संयोग नहीं है, बल्कि यह इस बात का संकेत है कि देश अगले 25 साल में वैश्विक मंच पर प्रमुखता से उभरेगा।

'अमृतकाल' भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष से 100 वर्ष तक की 25 वर्ष की अवधि को संदर्भित करता है। अयोध्या में अगले महीने होने वाले भव्य समारोह के बारे में शाह ने कहा कि पिछले कई वर्षों से देश उस स्थान पर मंदिर बनाने में असफल रहा, जहां भगवान राम का जन्म हुआ था और जिसे 550 साल पहले ध्वस्त



कर दिया गया था। स्वामीनारायण गुरुकुल विश्व विद्या प्रतिष्ठानम (एसजीवीपी) की ओर से आयोजित पूज्य पुराणी स्वामी स्मृति महोत्सव को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि (अदालती) मामलों को जटिल बनाया गया और इसमें देरी की गई। इसके बाद नरेन्द्रभाई के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ और संतों के आशीर्वाद और प्रेरणा से सभी रास्ते आसान हो गये और 22 जनवरी को रामलला अपने घर में फिर से विराजेंगे।

## बीआईएस स्थापना दिवस पर स्पार्धाएं



**करनाल।** 77वें भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, हरियाणा शाखा कार्यालय ने गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तरौरी, करनाल में एक पोस्टर मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के कुल 35 उत्साही छात्रों ने स्कूल के प्रिंसिपल पवन कुमार के साथ मेंटर संदीप कुमार के मार्गदर्शन में प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बीआईएस की ओर से आशीष कुमार, ग्रेजुएट इंजीनियर कार्यक्रम में उपस्थित रहें। उन्होंने युवा दिमागों के प्रयासों की सराहना की और विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने में बीआईएस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रमाणन का महत्व विषय पर आयोजित मानक लेखन प्रतियोगिता में उल्लेखनीय रचनात्मकता का प्रदर्शन देखा गया।

## मजीठिया से चार घंटे से तक पूछताछ चली



**पटियाला (भाषा)।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया मादक पदार्थ से संबंधित एक मामले में शनिवार को यहां पंजाब पुलिस के एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश हुए और उनसे चार घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मजीठिया इस माह एसआईटी के समक्ष दूसरी बार पेश हुए हैं। इससे पहले 18 दिसंबर को उन्हें बुलाया गया था और उनसे सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी। पूछताछ के बाद संवाददाताओं ने जब उनसे पूछा कि क्या एसआईटी उनके जवाबों से संतुष्ट है, तो मजीठिया ने कहा कि संबंधित अधिकारी ही इस बारे में बता सकते हैं। एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुखविंदर सिंह छीना कर रहे हैं।

**राजस्थान में भजनलाल मंत्रिमंडल का विस्तार**

## राज्यवर्धन और किरोड़ीलाल बने मंत्री, 22 ने ली शपथ

एजेंसी ▶▶| जयपुर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राजस्थान में आखिरकार कई दिनों के इंतजार के बाद शनिवार को कैबिनेट का विस्तार कर दिया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और किरोड़ी लाल मीणा समेत 22 लोगों को मंत्री बनाया गया है। जिनमें से 12 को कैबिनेट, 5 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 विधायकों को राज्यमंत्री बनाया गया। प्रदेश में सीएम भजनलाल शर्मा समेत अब 25 मंत्री हो चुके हैं। हालांकि, कैबिनेट विस्तार समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे सिंधिया शामिल नहीं हुईं।




### मप्र में विभागों का बंटवारा

मप्र में डॉ. मोहन मंत्रिमंडल विस्तार के 5 दिन बाद मंत्रियों को विभागों का बंटवारा हो गया है। विजयवर्गीय को नगरीय प्रशासन और प्रहलाद पटेल को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मिला है। डिप्टी सीएम जगदीश को वित्त, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला को लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा दिया गया है। सीएम ने गृह, जनसंपर्क और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखा है।

हरियाणा सरकार
GOVT. OF HARYANA

आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा
के तत्वावधान में

'एक मुश्त व्यवस्थापन' स्कीम, 2023
का शुभारम्भ

मुख्य अतिथि
श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति
श्री दुष्यंत चौटाला
उप मुख्यमंत्री, हरियाणा

31 दिसम्बर, 2023 | प्रातः 10:00 बजे
ऑडिटोरियम, अपैरल हाउस, सैक्टर-44, गुरुग्राम

आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

*राम ने इसी बाण से रावण का वध किया*

# पंच धातु से बना 11.5 किलो का 'अजयबाण', 10 जनवरी को पहुंचेगा अयोध्या

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में पौराणिक 'अजयबाण' की प्रतिकृति रखी जाएगी। 5 फीट लंबे इस बाण की शक्तिपीठ अंबाजी में शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान राम ने इसी बाण से रावण का वध किया था। सोने, चांदी, तांबे, पीतल और लोहे से बने इस बाण को बनाने में 5 लाख रुपए का खर्च आया है।



## त्रेतायुग में मां अंबा ने दिया था यह बाण

*पौराणिक कथाओं के अनुसार, अजयबाण के साथ शक्तिपीठ अंबाजी का अनोखा जुड़ाव पाया जाता है। त्रेतायुग में भगवान श्री राम और लक्ष्मणजी की मुलाकात जब ऋषि शृंगी से हुई, तो उन्होंने भगवान श्री राम को आद्यशक्ति मां अंबा की पूजा कर उन्हें प्रसन्न करने को कहा था। तब राम ने वन में मां जगदंबा की आराधना की। फलस्वरूप स्वयं मां अंबा ने प्रसन्न होकर श्री राम को अजयबाण देकर वरदान देते हुए विजयी भव का आशीर्वाद दिया।*

## खास बॉक्स में रखा जाएगा

*अब कलयुग में भगवान राम का भव्य मंदिर बन रहा है, तब पौराणिक कथा के अनुसार अजयबाण की प्रतिकृति बनाने की प्रेरणा मिली है। धनुर्वेद ग्रंथ में बाण के बारें में जानकारी मिलती है, उसे ध्यान में रखकर अजयबाण की प्रतिकृति बनाई गई है। इसलिए इस बाण की डिजाइन में आगे का हिस्सा मोटा बनाया गया है। श्री राम मंदिर की तरफ से अजयबाण के लिए एक विशेष बॉक्स डिजाइन करने को कहा गया है। इसके साथ अजयबाण के महत्व के बारें में जानकारी भी जोड़ी जाएगी।*



## शास्त्रोक्त विधि विधान से की पूजा

श्री आरासुरी देवस्थान ट्रस्ट, अंबाजी की प्रेरणा से अहमदाबाद के जय भोले ग्रुप ने पौराणिक धर्मग्रंथों में वर्णन के अनुसार अजयबाण की प्रतिकृति का निर्माण किया है। इसे अयोध्या में निर्माणाधीन श्री राम मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इस अजयबाण की पूजा अर्चना शक्तिपीठ अंबाजी मंदिर के ब्राह्मणों द्वारा शास्त्रोक्त विधि विधान से की गई है।

## बाण की लंबाई 5 फीट

*11.5 किलोग्राम वजन के इस अजयबाण को बनाने में सोना, चांदी, तांबा, पित्तल और लोहे का इस्तेमाल हुआ है। जिसकी लंबाई 5 फीट रखी गई है। महज 5 दिनों में ये अजयबाण अहमदाबाद की फैक्ट्री में बनकर तैयार हुआ है, जिसमें 5 लाख रुपए का खर्च आया है।*

## 8 जनवरी को अहमदाबाद से प्रस्थान करेगा

ये अजयबाण 10 जनवरी के दिन अयोध्या स्थित भव्य श्री राम मंदिर में अर्पण किया जाएगा। श्री राम भक्तों की श्रद्धा और आस्था को देखते हुए अजयबाण के दर्शन की व्यवस्था 7 जनवरी तक की गई है। इसके बाद 8 जनवरी को यह अजयबाण अयोध्या के श्री राम मंदिर में अर्पण करने के लिए अहमदाबाद से प्रस्थान करेगा।

## जय भोले ग्रुप ने तैयार की है अजयबाण की प्रतिकृति

*इसी अजयबाण से भगवान श्री राम ने दशानन रावण का वध किया था। अजयबाण से रावण का वध का उल्लेख माताजी की आरती में भी पाया जाता है। अजयबाण की प्रतिकृति को तैयार करने वाले जय भोले ग्रुप के फाउंडर दीपेश पटेल ने कहा, 'त्रेतायुग में मां अंबा ने भगवान श्री राम को अजयबाण दिया था, जिससे रावण का वध हुआ था।'*

---

## खबर संक्षेप

### रेल और प्लेटफॉर्म टिकट कर दिया महंगा: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई



जैसे मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स में ट्वीट करके रेलवे किराए और रसोई गैस की कीमत को लेकर कटाक्ष किया है। राहुल ने कहा रेल ने हर वर्ग का किराया बढ़ा दिया है।

### चित्रदुर्ग में 5 कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग इलाके में एक पुराने घर के अंदर



5लोगों के कंकाल मिले हैं। , पुलिस का मानना है कि इन पांच लोगों की मौत 2019 में हुई होगी। पुलिस और पड़ोसियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि किसी को इसका पता कैसे नहीं चला?

### तबला वादक भवानी शंकर का हुआ निधन

**नई दिल्ली।** संगीत की दुनिया के महारथी भवानी शंकर को लेकर इस समय की सबसे बुरी खबर सामने आ रही है। कार्डियक अरेस्ट के चलते तबला वादक पंडित भवानी शंकर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनके निधन की खबर सामने आती ही मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। 30 दिसंबर को पखावज प्लेयर भवानी शंकर की तबीयत अचानक से बिगड़ गई।

---

इजराइली दूतावास धमाका मामला

## अब स्पेशल सेल करेगी जांच पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइली दूतावास के पीछे गत 26 दिसंबर को हुए धमाके के मामले में नई दिल्ली जिला के तुगलक रोड थाना पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार दिनों तक नई दिल्ली जिला पुलिस, स्पेशल सेल, एनआईए और एनएसजी द्वारा गहन जांच के बाद शुक्रवार रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के निर्देश पर विस्तृत जांच के लिए केस को स्पेशल सेल में ट्रांसफर कर दिया गया है। विशेष आयुक्त कानून एवं व्यवस्था सागर प्रीत हुड्डा ने इसकी पुष्टि की है। मंगलवार शाम करीब 5.45 बजे दूतावास के पिछले दरवाजे के पास जोरदार धमाका होने की पुलिस को कॉल मिली थी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस समेत सभी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी थी। मौके से विस्फोट से संबंधित कोई सामान न मिलने पर पुलिस को विस्फोट में किसी रसायन का इस्तेमाल किए जाने का शक गहराया, जिससे बाद विस्फोटक का पता लगाने के लिए सुबह एनएसजी की फॉरेंसिक टीम को बुलाया।

### विस्फोट में रसायन होने का संदेह

*एनएसजी के फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने धमाके वाले जगह पर लगे पौधे की पत्तियों और घास से काफी नमूने एकत्र किए, जिनमें विस्फोट के लिए इस्तेमाल किए गए रसायन होने का संदेह हुआ। फॉरेंसिक विशेषज्ञ पौधे की टहनियों और कुछ जगहों के घास भी काटकर जांच के लिए अपने साथ ले गए। एनएसजी की डाग स्क्वाड ने दो कुत्तों के जरिये घटनास्थल के चारों तरह का निरीक्षण किया।*

### मणिपुर में बंदूकधारियों ने गोलीबारी

**चुराचांदपुर/इंफाल (भाषा)।** मणिपुर के तेंगनोउपल के मोरेह में शनिवार अपराह्न करीब तीन बजकर 50 मिनट पर अज्ञात बंदूकधारियों और पुलिस कमांडो के बीच हुई भारी गोलीबारी में मणिपुर पुलिस का एक कमांडो घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अज्ञात बंदूकधारियों ने पुलिस कमांडो को ले जा रहे वाहनों को उस समय निशाना बनाया, जब वे मोरेह से 'की लोकेशन प्वाइंट' की ओर बढ़ रहे थे। हमले में कमांडो घायल हो गया। 'इंफाल-मोरेह मार्ग पर एम चाहनौ गांव को पार करते समय हुए हमले में एक कमांडो बम का टुकड़ा लगने से घायल हो गया।'

---

मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी सरगना

# हाफिज सईद को भारत के हवाले करने से पाक ने किया इनकार

*हाफिज की पार्टी चुनाव में इस्लामिक स्टेट का सपना दिखा रही*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने आतंकी सरगना हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की भारत की मांग को खारिज कर दिया है। पाकिस्तान ने शुक्रवार को पुष्टि की कि भारत ने कई आतंकी मामलों में वांछित 2008 के मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय अधिकारियों से सईद के प्रत्यर्पण की मांग करने वाला अनुरोध मिला है। उन्होंने कहा, 'यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पाक और भारत के बीच कोई द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं है। लिहाजा उसका प्रत्यर्पण संभव नहीं है।'जानकारों का कहना है कि इस तरह के मसौदा समझौते के अभाव में भी प्रत्यर्पण संभव है।



**खास बातें**

*पाक और भारत के बीच कोई द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं*

### चुनाव लड़ रही है सईद की पीएमएमएल पार्टी

भारत ने सईद के बेटे तल्हा सईद के पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की खबरों पर भी गौर किया है और कहा कि उस देश में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों को 'मुख्यधारा में आना' कोई नई बात नहीं है और यह लंबे समय से उसकी सरकारी नीति का हिस्सा है। दरअसल, पाकिस्तान में फरवरी 2024 में आम चुनाव हैं और एक बार फिर चुनावी मुकाबले में आतंकी हाफिज सईद की पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) भी मैदान में उतरी है। उसने देशभर में प्रत्येक राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। हाफिज ने अपने बेटे तल्हा सईद को भी उम्मीदवार बनाया है। वो लाहौर से चुनाव लड़ रहा है। इतना ही नहीं, हाफिज से जुड़ा संगठन पाकिस्तान की जनता को बरगलाने के लिए सियासी एजेंडा लेकर भी आया है। उसकी पार्टी चुनाव में इस्लामिक स्टेट का सपना दिखा रही है।

### भारत ने की सईद के प्रत्यर्पण की मांग

विदेश मंत्रालय के उच्च अधिकारी ने शुक्रवार को कहा था कि हाफिज सईद के प्रत्यर्पण का अनुरोध कुछ दस्तावेजों के साथ हाल में पाकिस्तान को भेजा गया था। अधिकारी ने कहा, 'हमने संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक अनुरोध भेज दिया है।'

---

मेजर सिंह का मेमोरियल ध्वस्त

## खरगे बोले- भाजपा ने फर्जी देशभक्त होने का सबूत दिया

**नई दिल्ली।** वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बने बफर जोन की वजह से 1962 युद्ध के नायक मेजर शैतान सिंह का स्मारक ध्वस्त कर दिया गया है। इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने शैतान सिंह के मेमोरियल को धराशायी कर देश को एक बार फिर से अपने फर्जी देशभक्त होने का सबूत दिया है।

### चीन के आगे घुटने टेके

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने मेमोरियल को धराशायी कर देश



को एक बार फिर अपने नकली देशभक्त होने का सबूत दिया है। दुखद है कि सरकार चीनी मंसूबों के आगे घुटने टेक चुकी है।

### इंडोनेशिया के असेह प्रांत में 5.9 तीव्रता का भूकंप

बंदा असेह (एपी) इंडोनेशिया में समुद्र के भीतर तेज भूकंप से असेह प्रांत हिल गया। हालांकि भूकंप से किसी नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वे ने बताया कि 5.9 तीव्रता वाले भूकंप का केंद्र असेह प्रांत के तटीय शहर सिनाबांग से 362 किलोमीटर (225 मील) पूर्व में 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई पर था।




---

*इजराइली सेना ने तेज की कार्रवाई*

## 24 घंटे में 200 की मौत, खान यूनिस में हमास की सुरंगों पर किए हवाई हमले

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल और हमास का हिंसक संघर्ष जारी है। बीते ढाई महीने से जारी इस युद्ध में अब तक 21 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइली सेना ने हमास के आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए हमले तेज कर दिए हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक गाजा पट्टी के खान यूनूस में हमास की सुरंगों पर भीषण बमबारी में बीते 24 घंटे के दौरान 200 लोगों की मौत हुई है। दक्षिणी शहर में लगातार आगे बढ़ रहे इजराइली सेना के जवानों ने हमास के सुरंगों पर हवाई हमले किए। साथ ही तोप के गोले भी बरसाए गए।



### 82 दिनों में 21 हजार से अधिक लोगों की मौत

गौरतलब है कि बीते ढाई महीने से अधिक समय से जारी युद्ध के दौरान गाजा के 2.13 मिलियन लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में घर छोड़कर भाग चुके हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक बीते 24 घंटे में इजराइली हमलों में 187 फिलिस्तीनी लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। इसी के साथ 7 अक्तूबर के बाद अब तक मरने वालों की संख्या 21,507 तक पहुंच चुकी है। यानी गाजा की कुल आबादी का लगभग एक फीसदी खत्म हो चुका है। खंडहरों में हजारों और शवों के दबे होने की आशंका है।

### नुसीरात शिविर पर भी कई हवाई हमले

*शुक्रवार रात गाजा पट्टी में खान यूनिस पर इजराइली टैंक ने भीषण गोलीबारी और हवाई बमबारी की। इजराइल के अभियान में 24 घंटे में लगभग 200 लोगों के मारे जाने की खबर है।*

### तहखाने की सुरंग भी नष्ट

*खान यूनिस के कुछ हिस्से पर इजराइली सेना दिसंबर की शुरुआत में ही कब्जा कर चुकी है। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि हमास के कमांड सेंटरों और हथियार डिपो को भी सेना लगातार निशाना बना रही है। सेना ने गाजा के हमास नेता याह्या सिनवार के घरों में से एक के तहखाने में बनी सुरंग और पूरे परिसर को नष्ट कर दिया है।*

### दुनिया की आबादी एक साल में 7.5 करोड़ बढ़ी

**वॉशिंगटन।** 1 जनवरी 2024 से दुनिया की आबादी 8 अरब को पार कर जाएगी। अमेरिका के



सेंसस ब्यूरो ने अपनी रिपोर्ट में ये दावा किया है। इसके मुताबिक, पिछले 1 साल में दुनिया की जनसंख्या में करीब 7.5 करोड़ का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में हर सेकेंड 4.3 लोग जन्म लेते हैं, जबकि 1 सेकेंड में 2 लोगों की मौत होती है। ब्यूरो के मुताबिक, 1 जनवरी 2024 को दुनिया की कुल आबादी 8.02 अरब हो जाएगी। 1 जनवरी 2023 ये आंकड़ा 7.94 अरब था।

---

धुंध और कोहरे ने रोकी रेल के साथ हवाई सफर की रफ्तार

## 80 से ज्यादा फ्लाइट्स हो गईं डिले 30 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्दियों के मौसम में न सिर्फ लोगों को कड़ाके की ठंड से जूझना पड़ता है, बल्कि धुंध और कोहरे के चलते भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। धुंध का सबसे ज्यादा असर यातायात पर देखने को मिलता है। खराब मौसम की वजह से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अब तक करीब 80 फ्लाइट्स डिले यानी देरी से चल रही हैं और 30 से अधिक ट्रेनें भी देरी से चल रहीं हैं। कोहरे के चलते बड़ी संख्या में ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। कुछ कैंसिल हुई हैं।

### देरी की वजह खराब विजिबिलिटी



एजीआई से उड़ान भरने वाली 80 के करीब फ्लाइट्स खराब मौसम की वजह से देरी से चल रही हैं। देरी की वजह खराब विजिबिलिटी और कोहरा है।

## जयशंकर की रूस यात्रा ने रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत किया

**मॉस्को (भाषा)।** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर की रूस यात्रा ने पहले से जारी द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर प्रदान किया है। जयशंकर 25 से 29 दिसंबर तक रूस के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और उपप्रधानमंत्री एवं उद्योग व्यापार मंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ चर्चा की। उन्होंने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने



व्यापार और आर्थिक मुद्दों, ऊर्जा, रक्षा, कनेक्टिविटी, सांस्कृतिक संबंधों, लोगों से लोगों के बीच संपर्क और दोनों देशों के बीच सहयोग को लेकर विचारों का व्यापक आदान-प्रदान किया। उन्होंने बहुपक्षीय सहयोग सहित वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर भी अपने विचार साझा किए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25